हरिभूमि

# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, शनिवार 18 अप्रैल 2026


तापमान

अधिकतम 37.0 डिग्री
न्यूनतम 23.0 डिग्री


10 असफलता से घबराने की बजाय उससे सीख लेकर....





10 इंडस स्कूल पिल्लूखेड़ा ने रचा इतिहास





## खबर संक्षेप

### मंगलपुर में आज नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम

**उचाना।** मंगलपुर गांव में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के तहत उचाना मंडल के मंगलपुर गांव में 18 अप्रैल को कार्यक्रम आयोजित होगा। मंडल अध्यक्ष सतीश जांगड़ा ने बताया कि मुख्य अतिथि के तौर पर सुषमा देवेंद्र अत्री पहुंचेगी।

### ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आने से ऑटो में सवार चार घायल

**कैथल।** कैथल के गांव बाबा लदाना में ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आने से ऑटो में सवार तीन महिलाओं सहित चार घायल हो गए। उन्हें अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। गांव बुढाखेड़ा के रामचंद्र ने सदर पुलिस कैथल को दी शिकायत में बताया कि 15 अप्रैल को शाम के समय जब वह गीता, पुष्पा और मनीषा को अपने ऑटो में बिठाकर जा रहा था तो एक अज्ञात ट्रैक्टर ट्राली चालक ने अपने ट्रैक्टर को तेज गति और लापरवाही से चलते हुए उनके आटो को टक्कर मार दी। हादसे में ऑटो में सवार वह, गीता, पुष्पा और मनीषा घायल हो गए। मामले के जांच अधिकारी सहायक उप निरीक्षक चरण ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर ट्रैक्टर ट्राली चालक की तलाश शुरू कर दी है।

### मकान का ताला तोड़कर कब्जाने का प्रयास, केस

**कैथल।** थाना कलायत पुलिस ने मकान का ताला तोड़कर उसे पर कब्जा करने के आरोप में एक मामला दर्ज किया है। मामला करनाल के क्षेत्रीय कानून प्रबंधक की शिकायत पर दर्ज किया गया है। क्षेत्रीय कानून प्रबंधक शाखा करनाल के रमेश कुमार ने कलायत थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि कंपनी द्वारा एक मकान पर कब्जा किया गया था। उसने बताया कि बताया कि 7 अप्रैल को कलायत के परमानंद, उसकी पत्नी पुष्पा तथा हैप्पी गर्ग ने मिलकर मकान का ताला तोड़कर उसे कब्जाने का प्रयास किया।

### गांव कागथली में मारपीट में 3 घायल

**कैथल।** सीवन खंड के कागथली में दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में तीन व्यक्ति घायल हो गए। उन्हें अस्पताल में दाखिल करवाया है। पहले पक्ष में श्रवन ने सीवन थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 15 अप्रैल को जीतराम, राम, जस्सी, राकेश, श्याम ने उनके घर में घुसकर उनके साथ मारपीट कर उन्हें घायल कर दिया। इसी प्रकार से दूसरे पक्ष के राकेश ने शिकायत में आरोप लगाया है कि 15 अप्रैल को शाम के समय कोटा राम, सुखराम, बिट्टू राम, नानी, बंटी राम, पप्पू राम, हिंदू राम, श्रवण तथा हरीश ने मिलकर उसे वह उसके अन्य साथियों पर जानलेवा हमला करते हुए उन्हें घायल कर दिया।

### दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज

**कैथल।** थाना गुहला पुलिस ने दहेज प्रताड़ना का एक मामला दर्ज किया है। अगौंध की एक विवाहिता ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि उसकी शादी कुछ समय पूर्व रणजीत सिंह के साथ रिती रिवाज अनुसार हुई थी। आरोप है कि रणजीत सिंह, निर्मल सिंह, लवप्रीत सिंह और बलजीत कौर ने और अधिक दहेज की मांग को लेकर उसके साथ मारपीट की। सब इंस्पेक्टर रामफल ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### युवती को भगा ले जाने के आरोप में मामला दर्ज

**कैथल।** कस्बा चीका से युवती को शादी का झांसा देकर बहला फुसलाकर भगा ले जाने के आरोप में पुलिस ने युवक के खिलाफ केस दर्ज किया है। चीका की महिला ने शिकायत में आरोप लगाया है कि चीका के अनिल कुमार 15 अप्रैल को उसकी बहन को शादी का झांसा देकर अपने साथ बहला फुसलाकर भगा ले गया। काफी तलाश की लेकिन पता नहीं चला। जांच अधिकारी हेड कांस्टेबल सुशील ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# शिक्षा विभाग ने जींद के 27 गैर मान्यता प्राप्त वाले स्कूलों की सूची तैयार की

## सफीदों में एक, उचाना में आठ, नरवाना के पांच और अलेवा ब्लॉक के 13 स्कूल सूची में शामिल

## जींद, जुलाना व पिल्लूखेड़ा ब्लॉक में गैर मान्यता प्राप्त स्कूलों की संख्या शून्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिले के 27 गैर मान्यता प्राप्त वाले स्कूलों की सूची शिक्षा विभाग ने तैयार की है। इसमें से सफीदों ब्लाक में एक, उचाना ब्लॉक में आठ, नरवाना ब्लॉक के पांच, अलेवा ब्लॉक के 13 स्कूल शामिल हैं। जबकि जींद, जुलाना व पिल्लूखेड़ा ब्लॉक में गैर मान्यता प्राप्त स्कूलों की संख्या शून्य दिखाई गई है। गैर मान्यता प्राप्त स्कूलों वाली सूची में बिना रजिस्ट्रेशन वाले किड्स प्ले स्कूल, बिना मान्यता स्कूली विद्यार्थियों को पढ़ाने वाले कोचिंग सेंटर और मान्यता से ऊंची कक्षाओं के विद्यार्थियों को पढ़ाने वाले स्कूल शामिल हैं। हालांकि किड्स प्ले वाले स्कूलों को मान्यता महिला व बाल विकास विभाग की ओर से दी जाती है। एक साल की मान्यता के लिए किड्स प्ले स्कूल संचालकों को महिला व बाल विकास विभाग के पास आवेदन करना होता है। आवेदन करने के बाद महिला व बाल विकास विभाग की टीम की ओर से किड्स प्ले स्कूलों की जांच की जाती है। इस जांच टीम में शिक्षा विभाग की ओर से एक कर्मचारी को शामिल किया जाता है। वहीं जींद, जुलाना और पिल्लूखेड़ा ब्लाक में काफी ऐसे किड्स प्ले स्कूल हैं जो बिना रजिस्ट्रेशन के चल रहे हैंए लेकिन तीनों ब्लॉक में बिना मान्यता प्राप्त स्कूलों की संख्या शून्य दिखाई गई है। किड्स प्ले स्कूलों के लिए अनिवार्य नियमः स्कूल पूरी तरह से स्वच्छ होने चाहिए। स्कूलों में बच्चों के खेलने के लिए प्ले ग्राउंड होना चाहिए। स्कूल में सीसीटीवी कैमरे जरूर लगे होने चाहिए। छात्र और छात्राओं के लिए अलग से शौचालयों की व्यवस्था होनी चाहिए। 20 बच्चों पर एक अध्यापक व एक केयर टेकर की व्यवस्था होनी चाहिए। फायर सेफ्टी की व्यवस्था होनी चाहिए। प्राथमिक उपचार की व्यवस्था होनी चाहिए। स्कूलों में बच्चों को छोड़ने और ले जाने का पूरा रिकॉर्ड व बच्चों का पूरा रिकार्ड दुरुस्त होना चाहिए।




जींद। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय।

### स्कूलों की मान्यता अवश्य जांच लें

जिला शिक्षा अधिकारी रितु पंघाल ने बताया कि जिलेभर के गैर मान्यता प्राप्त स्कूलों को शिक्षा विभाग ने नोटिस भेजे गए हैं। ऐसे स्कूल संचालक किसी भी छात्र का दाखिला नहीं करें। अब विभाग के आदेश मिलने के बाद इन स्कूलों पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। वहीं जिन अभिभावकों को अपने बच्चों के दाखिले निजी स्कूल में करवाने हैं वह दाखिले से पहले स्कूलों की मान्यता अवश्य जांच लें ताकि बाद में विद्यार्थियों और अभिभावकों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े।



जींद। अधिकारियों से बातचीत करते हुए मंत्री। फोटो :हरिभूमि

# गेहूं खरीद प्रक्रिया में ढिलाई लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी

## मंत्री बेदी ने खरीद व्यवस्था को जांचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने शुक्रवार को नरवाना की नई अनाज मंडी मेला ग्राउंड का दौरा कर गेहूं खरीद व्यवस्था का विस्तृत जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने खरीद एजेंसियों प्रशासनिक अधिकारियों तथा ट्रांसपोर्टरों के साथ बैठक कर मौजूदा स्थिति की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। इस दौरान एसडीएम जगदीश चंद्र भी मौजूद रहे। कैबिनेट मंत्री ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि किसानों की मेहनत का पूरा सम्मान होना चाहिए और उनकी फसल खरीद प्रक्रिया में किसी प्रकार की ढिलाई या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मंडियों में चल रही खरीद प्रक्रिया को पूरी पारदर्शिता और सुचारू ढंग से संचालित किया जाए ताकि किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। बैठक के दौरान कैबिनेट मंत्री ने बताया कि नरवाना की विभिन्न मंडियों में अब तक लगभग 21 लाख क्विंटल से अधिक गेहूं की आवक हो चुकी है, जिसमें से करीब साढ़े आठ लाख क्विंटल गेहूं की खरीद भी की जा चुकी है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि खरीद कि गयी गेहूं का 10 प्रतिशत से अधिक उठान कार्य भी पूरा किया जा चुका है। कैबिनेट मंत्री ने अधिकारियों को विशेष निर्देश दिये कि पोर्टल और तकनीकी व्यवस्थाओं में आ रही खामियों को तुरंत प्रभाव से दूर किया जाए साथ ही उठाना प्रक्रिया में तेजी लाई जाए।

## गेहूं कटाई, कढ़ाई तथा तूड़ी का कार्य बाधित, किसान चिंतित

# फिर बिगड़े मौसम के तेवर मंडराया आकाश से खतरा

## पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के बाद बदले मौसम ने बढ़ाई परेशानी

**तेज हवा के साथ उड़ी धूल, आकाश में छाए रहे बादल**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से शुक्रवार दोपहर बाद बदले मौसम ने किसानों को परेशान में डाल दिया। धूल भरी हवा चली तो आकाश में गहरे बादल छाने के साथ बूंदाबांदी भी हुई। जिससे गेहूं कटाई, कढ़ाई तथा तूड़ी का कार्य बाधित हो गया। जबकि खेत खलिहान से मंडियों तक गेहूं फैला हुआ है। मंडियों के साथ परचेज सेंटरों में गेहूं खुले आसमान के नीचे पड़ा हुआ है। अगर ऐसे हालात में बारिश होती है तो लाखों क्विंटल गेहूं भीग जाएगा। मौसम बिगडऩे से किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें साफ देखी गई। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस तथा न्यूनतम तापमान 23 डिग्री दर्ज किया गया। हवा की गति छह कलोमीटर प्रति घंटा रही। जबकि हवा में नमी की मात्रा 18 प्रतिशत दर्ज की गई। मौसम ने ली करवट, चली धूल भरी हवा, बूंदाबांदी ने दी राहत पिछले कुछ दिनों से तापमान में इजाफा हो रहा था। शुक्रवार को दिन का आगाज साफ मौसम के साथ हुआ। दोपहर बाद मौसम ने करवट ली और धूल भरी हवा चलने लगी। उस दौरान हवा की गति 28 किलोमीटर प्रति घंटा तक जा पहुंची। जिसके साथ आकाश में बादल छा गए। बूंदाबांदी शुरू हो गई। जिसने धूल भरी हवा से राहत दी। जिससे अधिकतम तापमान में तीन डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। जिससे मौसम सुहाना हो गया।



जींद। अंधड़ के बीच खेत में काम करते मजदूर। फोटो :हरिभूमि



जींद। खुले आसमान के नीचे गेहूं के बैग। फोटो :हरिभूमि

### अनाज प्रभावित होने की आशंका

**राजौंद।** शुक्रवार को दोपहर बाद अचानक मौसम में हुए बदलाव ने किसानों की चिंता बढ़ा दी। आसमान में बादल छाने के साथ हल्की बूंदाबांदी भी हुई,जिससे खेतों में खड़ी गेहूं की फसल प्रभावित होने की आशंका जताई जा रही है।लगातार बदलते मौसम के कारण किसान पहले से ही चिंतित हैं। ऐसे में अचानक हुई बूंदाबांदी से उनकी सांसें अटका दी हैं। किसानों का कहना है कि यदि इसी तरह मौसम में उतार-चढ़ाव जारी रहा तो गेहूं की तैयार फसल पर इसका सीधा असर पड़ेगा, जिससे उत्पादन और गुणवत्ता दोनों प्रभावित हो सकते हैं। उधर, अनाज मंडी में पड़ी गेहूं को लेकर भी आढ़तियों और किसानों ने चिंता जताई है। मंडी में खुले में रखा गेहूं बूंदाबांदी से भीग सकता है, जिससे नुकसान होने की संभावना बढ़ गई है। मौसम के इस बदलाव ने किसानों के सामने नई चिंता खड़ी कर दी है। किसान अब मौसम साफ रहने की उम्मीद कर रहे हैं ताकि उनकी फसल सुरक्षित समेटी जा सके।

### दो दिन तक मौसम में उतार-चढ़ाव

गांव पांडू पिंडारा मौसम विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक डा. राजेश ने बताया कि पश्चिमी सक्रियता से मौसम में बदलाव आया है। अगले दो दिन तक मौसम में उतार-चढाव बना रहेगा। किसान मौसम को ध्यान में रख कर कृषि अपना कार्य करें।

### गेहूं फसल की आवक हो रही

गेहूं कटाई तथा कढ़ाई का कार्य अंतिम चरण में चला हुआ है। मंडियों तथा परचेज सेंटरों में खूब गेहूं फसल की आवक हो रही है। जोकि उठान कम होने के कारण खुले असमान तले पड़ा हुआ है। किसान गेहूं कढाई के साथ तूड़ी भी बना रहे हैं। मौसम के करवट लेने से गेहूं कढ़ाई तथा तूड़ी बनाने का कार्य बाधित हो गया है।

### रंजिशन हमला करने के तीन आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** थाना सीवन क्षेत्र के कांगथली में रंजिशन हमला करने के मामले में पुलिस ने तीनो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता बताया कि गांव कांगथली निवासी राकेश कुमार कि शिकायत अनुसार 15 अप्रैल को शाम वह घर से जा रहा था। रास्ते में पहले से बैठे बोबी, गुरुचरण व राजू ने उसे रोक लिया। उनके पास टकूआ व कृपाण जैसे हथियार थे, जिनसे हमला कर दिया तथा हमले में और जान बचाकर घर पहुंचा। घटना के बाद जब उसके परिजन शिकायत लेकर आरोपियों के घर पहुंचे तो वहां पहले से ही कई लोग एकत्रित थे। वंहा भागा राम भी बंदूक लेकर खड़ा था, तथा उसके साथ बोबी, बंटी, फता राम, पप्पू राम, कूटा राम उर्फ देसराज, सुखा राम, राजू राम, बिट्टू राम व ज्ञानी राम सहित अन्य मौजूद थे।

# हाईकोर्ट के आदेश पर हटाया अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

पूंडरी में हाईकोर्ट के आदेश पर लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) द्वारा सड़कों के किनारे किए गए अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की । अभियान शुक्रवार सुबह 11 बजे पीडब्ल्यूडी के एसडीओ रविंद्र कुमार के नेतृत्व में पुलिस बल की मौजूदगी में चलाया गया। विभाग ने कार्रवाई से पहले खोखा और रेहड़ी लगाने वालों को नोटिस जारी किए गए थे। इसके साथ ही मुनादी कराकर भी उन्हें निर्धारित समय सीमा के भीतर अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए थे। बावजूद इसके जिन लोगों ने अपने खोखे और रेहड़ियां नहीं हटाईं, उनके अस्थायी ढांचे शुक्रवार को हटवा दिए गए। इस कार्रवाई को लेकर खोखा व रेहड़ी संचालक कप्तान, ईश्वर, धूप सिंह, कुलदीप, तरसेम सैनी, खुशी राम, धर्मबीर, गुलाब, में रोष देखने को मिला। उनका कहना है कि एक ओर सरकार उन्हें स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित करती है और लोन उपलब्ध करवाती है, वहीं दूसरी ओर इस तरह की कार्रवाई से उनका रोजगार छिन रहा है। कई रेहड़ी संचालकों ने बताया कि उन्होंने कर्ज लेकर अपना काम शुरू किया था।



पूंडरी। सड़क से अतिक्रमण हटवाते हुए।



जींद। हत्या की आशंका जताते परिजन। फोटो :हरिभूमि

### बागड़ू कलां में व्यायामशाला में युवक का शव मिला

**जींद।** गांव बागड़ू कलां में शुक्रवार को गांव की व्यायामशाला में एक युवक का शव मिला। मृतक की पहचान गांव बागड़ू कलां निवासी अंकित (21) के रूप में हुई है। सूचना पाकर सरफाबाद चौकी प्रभारी दिलबाग सिंह टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मृतक अंकित के पिता बिजेंद्र शर्मा ने कहा कि उसका बेटा गुडगांव की एक निजी कंपनी में काम करता है। गत 15 अप्रैल को वह घर आया था। शुक्रवार को उसका शव गांव की व्यायामशाला में पड़ा होने की सूचना मिली। जब उन्होंने मौके पर जाकर देखा तो उनके मुंह से झाग व नाक से खून निकल रहा था। ऐसे में उन्हें आशंका है की किसी ने उसके बेटे को या तो जहरीला पदार्थ खिलाया है व कोई गहरी चोट पहुंचा कर उसकी हत्या की गई है।

### फायरिंग के मामले में वांछित 2 आरोपी काबू

**कैथल।** स्पेशल डिटेक्टिव युनिट द्वारा एसपी मनप्रीत सिंह सूदन के कुशल नेतृत्व में संगठित अपराध व फिरौती से जुड़े मामलों पर प्रभावी कार्रवाई करते हुए एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की गई है।

डीएसपी सुशील प्रकाश ने बताया कि 4 अप्रैल की शाम करीब 6 बजे चानना रोड स्थित "गिल मोबाइल" शाप पर दो अज्ञात युवकों ने बाइक पर आकर फायरिंग कर दी थी। हमलावर मुंह पर कपड़ा बांधे हुए थे और वारदात को अंजाम देकर मौके से फरार हो गए। जिस बारे थाना चीका में मामला दर्ज कर लिया गया। मामले की जांच स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट प्रभारी इंस्पेक्टर सुनील की अगुवाई में एएसआई तरसेम की टीम द्वारा करते आरोपी गांव भागल निवासी रवि कुमार व गांव भराणी खालसा जिला करनाल निवासी भरत कुमार को काबू कर लिया गया।

## उपायुक्त ने समाधान शिविर में आए लोगों की सुनीं समस्याएं, मौके पर दिए समाधान के निर्देश

# धोखाधड़ी के मामले में विजिलेंस कमेटी से जांच के आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

डीसी अपराजिता ने एक किसान के साथ फसल बेचने में हुई धोखाधड़ी के मामले की जांच एसडीएम की अगुवाई वाली विजिलेंस कमेटी से करवाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने दस दिन में मामले की जांच कर तथ्य प्रस्तुत करने को कहा। ताकि किसान को न्याय मिल सके। डीसी अपराजिता समाधान शिविर में शिकायत लेकर आए लोगों की सुनवाई कर रहीं थीं। उन्होंने शिविर में लंबित शिकायतों की समीक्षा की और उनके जल्द समाधान के निर्देश जारी किए। शिविर में आए गांव सिसला निवासी किसान बलवान ने बताया कि उसकी 83 एकड़ जमीन की फसल बिक्री में उसके साथ धोखाधड़ी की गई है। किसान की पीड़ा को देखते हुए डीसी ने एसडीएम कैथल संजय कुमार की अगुवाई वाली विजिलेंस कमेटी से जांच करवाने के निर्देश जारी किए। उन्होंने किसान को उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है। इसके अलावा समाधान शिविर में शिकायत लेकर आए लोगों की गलियों, परिवार पहचान पत्र सहित अन्य शिकायतों पर सुनवाई करते हुए आवश्यक निर्देश जारी किए। इसके बाद डीसी ने लंबित शिकायतों की समीक्षा की और कहा कि समाधान शिविर में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति की शिकायत का निपटारा तय समय सीमा में किया जाए और समाधान के बाद उसकी एटीआर पोर्टल पर अवश्य अपलोड की जाए। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डीसी अपराजिता लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित समाधान बैठक में संबंधित अधिकारियों को निर्देश दे रहीं थीं। उन्होंने आमजन की शिकायत भी सुनी। अधिकारियों को निर्देश दिए कि लंबित शिकायतों का शीघ्र निपटारा करें तथा प्रत्येक शुक्रवार को समाधान शिविर, सीएम विंडो, एसजीटी तथा अन्य माध्यम से आने वाली शिकायतों की प्रगति रिपोर्ट के साथ बैठक में पूरी तैयारी के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करें।




डीसी अपराजिता समाधान शिविर में लोगों की शिकायत सुनते।

### हर सोमवार-वीरवार को शिविर

डीसी अपराजिता ने बताया कि प्रत्येक सोमवार और वीरवार को समाधान शिविर आयोजित किए जाते हैं, जिनमें आमजन की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाता है। यह शिविर जिला मुख्यालय के साथ-साथ उपमंडल स्तर पर भी आयोजित हो रहे हैं, जहां संबंधित एसडीएम शिकायतों का निपटारा कर रहे हैं।



मुख्य गेट पर रोष गेट मीटिंग में मांगों को लेकर प्रदर्शन करते एचएसईबी कर्मचारी।

### राजौंद में एचएसईबी कर्मचारियों की रोष गेट मीटिंग

**राजौंद।** सब यूनिट राजौंद द्वारा शुक्रवार को मुख्य गेट पर रोष स्वरूप गेट मीटिंग कर जमकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन की अध्यक्षता सब यूनिट प्रधान अश्वनी ढांडा ने की, जबकि मंच संचालन उप प्रधान परवीन शर्मा ने किया। इस दौरान कर्मचारियों ने अपनी लंबित मांगों को जोरदार तरीके से उठाया। वक्ताओं ने बताया कि राजौंद के कई कर्मचारियों जिनमें मनोज कुमार, मुकेश कुमार, प्रवीण (लाइनमैन) व जगदीश, सतीश (जेई)—की चार्जशीट का जवाब दिए हुए करीब दो साल बीत चुके हैं, लेकिन एसी कैथल व एसईएचआर पंचकूला द्वारा अब तक कोई निर्णय नहीं लिया गया है। इसके चलते संबंधित कर्मचारी प्रमोशन, एसीपी व अन्य लाभों से वंचित हैं। कर्मचारियों ने आरोप लगाया है कि अधिकारियों के मामलों में चार्जशीट का समाधान कर उन्हें प्रमोशन दे दिया गया, जबकि कर्मचारियों के मामलों को लंबित रखा जा रहा है, जो पूरी तरह से अन्यायपूर्ण है।

## खबर संक्षेप

### ब्राह्मण धर्मशाला में हवन भंडारा 19 को : रघुबीर

**उचाना।** ब्राह्मण धर्मशाला उचाना में भगवान परशुराम प्रगट उत्सव कार्यक्रम के तहत अक्षय तृतीया के पवित्र दिन रविवार 19 अप्रैल को भंडारा, हवन का आयोजन पंडित नेकीराम विचार मंच एवं ब्राह्मण धर्मशाला उचाना कार्यकारिणी द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम के अध्यक्ष एवं धर्मशाला के प्रधान पं. रघुबीर शर्मा ने बताया कि क्षेत्र के लिए खुशी की बात है कि भगवान परशुराम के प्रगट उत्सव को धूमधाम से मनाया जाएगा। क्षेत्र के विशिष्ट प्रतिष्ठित अनिल शर्मा ब्राह्मण चौबीसी प्रधान, सतबीर कसूहन खेड़ा खाप प्रधान, सोमदत्त तपा को आमंत्रित किया गया है।

### रोहतक में संपन्न होगी सद्भाव यात्रा : सुरेंद्र गर्ग

**उचाना।** कांग्रेस नेता एवं पूर्व मार्केट कमेटी वाइस चेयरमैन सुरेंद्र गर्ग सदभाव यात्रा में शामिल हुए। पूर्व सांसद एवं कांग्रेस नेता बृजेंद्र सिंह की अगुवाई में निकाली जा रही ये यात्रा 79 हलकों में जा चुकी है। रोहतक में यात्रा का समापन होगा। यात्रा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के शामिल होने की भी उम्मीद जताई जा रही है। गर्ग ने कहा कि सदभाव का संदेश लेकर निकले बृजेंद्र सिंह को लोगों का उम्मीद से अधिक जनसमर्थन मिल रहा है। अब कोई चुनाव नहीं है। इस यात्रा का उद्देश्य जो भाजपा ने वोटों के लिए भाईचारे को खराब किया है।

### कल मनाया जाएगा परशुराम जन्मोत्सव

**उचाना।** वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि के दिन अक्षय तृतीया के साथ ही परशुराम जन्मोत्सव मनाया जाता है। 19 अप्रैल को देश भर में अक्षय तृतीया का पर्व एवं परशुराम जन्मोत्सव मनाया जा रहा है। इस तिथि पर भगवान विष्णु के सभी दस अवतारों में से छठवें अवतार को परशुराम जन्मोत्सव के रूप में एवं हिंदू पंचांग अनुसार हर साल वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि पर भगवान परशुराम का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है।

### अलग-अलग स्थानों से तीन युवतियां लापता

**जींद।** जिले में अलग-अलग स्थानों से तीन युवतियों के संदिग्ध हालात में गायब होने पर संबंधित थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामले दर्ज किए हैं। सफीदों निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी बेटी घर से गायब हो गई। वहीं पटियाला चौक से भी गत दिवस 18 वर्षीय युवती घर से कालेज के लिए निकली थी। जिसके बाद वह घर वापस नही लौटी। उधर, शीतलपुरी कालोनी से युवती घर से गायब हो गई। तीनों अभिभावकों ने गायब युवतियों को तलाशा भी लेकिन उनका कोई सुराग नही लगा।

### तीन भैंस और दो कटड़ी चोरी, शिकायत दर्ज

**जींद।** गांव सरनाखेड़ी से बीती रात पशु चोरों ने तीन भैंस तथा दो कटड़ियों को चोरी कर लिया। सदर थाना सफीदों पुलिस ने पशुपालक की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सरनाखेड़ी निवासी राजेश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने मकान के साथ पशुबाड़ा बनाया हुआ है। बीती रात चोरों ने उसके पशुबाड़े से तीन भैंस तथा दो कटड़ियों को चोरी कर लिया। घटना का सुबह उस समय पता चला जब वह पशुबाड़े में पहुंचा। सदर थाना सफीदों पुलिस ने राजेश की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बाइक की टक्कर से पैदल जा रहे बुजुर्ग की मौत

**जींद।** गांव पड़ाना के निकट तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से एक व्यक्ति की मौत हो गई। जुलाना थाना पुलिस ने मृतक के पौते की शिकायत पर फरार बाइक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पड़ाना निवासी बुजुर्ग राजेंद्र घर की तरफ पैदल जा रहा था। उसी दौरान पीछे से बाइक ने उसे टक्कर मार दी। जिसमें राजेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना को अंजाम देकर चालक बाइक सहित फरार हो गया। गंभीर हालात में राजेंद्र को नागरिक अस्पताल लाया गया। जहां पर उपचार के दौरान मौत हो गई।

## मोतीलाल स्कूल में 10वीं के मेधावियों को स्कूटी देकर किया सम्मानित

# असफलता से घबराने की बजाय उससे सीख लेकर आगे बढ़ें छात्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

मोतीलाल नेहरू पब्लिक विद्यालय में दसवीं कक्षा के उत्कृष्ट परिणाम देने वाले मेधावी विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों के सम्मान में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय प्रांगण उत्सवमय वातावरण से सराबोर नजर आया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों की मेहनत व उपलब्धियों को सराहना देना तथा अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरित करना रहा। समारोह में विद्यालय के प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को विशेष रूप से सम्मानित किया । विद्यालय प्रशासन की ओर से छात्रा इशिका और शिनिका इन दोनों प्रतिभाशाली छात्रों को स्कूटी भेंट कर उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गईं। इसके साथ ही 91 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह ट्रॉफी एवं नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया । सम्मान न केवल उनकी मेहनत का प्रतीक था बल्कि विद्यालय की ओर से उनके प्रति गर्व की अभिव्यक्ति भी थी। अभिभावकों ने भी इस सराहना करते विद्यालय प्रबंधन का धन्यवाद किया। कहा कि इस प्रकार के सम्मान समारोह बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ाते हैं और उन्हें आगे बढने की प्रेरणा देते हैं।





जींद। प्रथम और द्वितीय स्थान पाने वाली इशिका और शिनिका को स्कूटी देकर सम्मानित करते चेयरमैन और प्रिंसिपल व अन्य मेधावी विद्यार्थी स्मृति चिह्न और नकद राशि के साथ। फोटो :हरिभूमि

अभिभावकों ने ये भी माना कि स्कूल का अनुशासन शिक्षकों की मेहनत और सकारात्मक वातावरण ही बच्चों की सफलता का मुख्य कारण है। विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष संदीप दहिया एवं प्राचार्य रविंद्र कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि यह सफलता केवल विद्यार्थियों की नही बल्कि शिक्षकों और अभिभावकों के संयुक्त प्रयास का परिणाम है। कहा कि विद्यालय हमेशा से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध रहा है। मेधावी विद्यार्थियों को बधाई देते कहा कि यह उपलब्धि उनके जीवन की एक महत्वपूर्ण सीढ़ी है लेकिन असली परीक्षा अभी बाकी है। प्राचार्य ने आगे कहा कि हमारे विद्यार्थी केवल अंक प्राप्त करने तक सीमित नहीं हैं बल्कि वे नैतिक मूल्यों, अनुशासन और सामाजिक जिम्मेदारी को भी समझते हैं। हमारा लक्ष्य ऐसे नागरिक तैयार करना है जो देश और समाज के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। उन्होंने यह भी कहा कि विद्यालय भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजनों के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करता रहेगा। उन्होंने अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरित करते कहा कि वे इन मेधावी छात्रों से सीख लें और अपने लक्ष्य को पाने के लिए निरंतर प्रयास करते रहें। कहा कि असफलता से घबराने की बजाय उससे सीख लेकर आगे बढ़ें चाहिए। सपफलता उन्हीं को मिलती है जो मेहनत और लगन से अपने सपनों को साकार करने का प्रयास करते हैं। समारोह के अंत में सभी सम्मानित विद्यार्थियों के साथ समूह फोटो लिया गया और उन्हें पुनः शुभकामनाएं दी गईं। विद्यालय प्राचार्य ने सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों को उनके समर्थन और सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि उनका विद्यालय सिर्फ शिक्षा ही नही बल्कि समग्र विकास में विश्वास रखता है। हमें खुशी है कि हमारे विद्यार्थी हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। इस कार्यक्रम ने न केवल छात्रों का हौसला बढ़ाया बल्कि उन्हें भविष्य में और भी बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय का यह प्रयास छात्रों के मनोबल को बढ़ाने और उनकी उपलब्धियों को मान्यता देने का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। यह आयोजन न केवल विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक रहा बल्कि पूरे विद्यालय परिवार के लिए गर्व का क्षण भी बना। ऐसे कार्यक्रम शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं और आने वाली पीढ़ी को आगे बढ़ने के लिए नई दिशा प्रदान करते हैं।

# इंडस स्कूल पिल्लूखेड़ा ने रचा इतिहास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

इंडस पब्लिक स्कूल पिल्लूखेड़ा ने फिर उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धि का परचम लहराते कक्षा दसवीं बोर्ड परीक्षा में शत-प्रतिशत परिणाम दर्ज किया है। विद्यालय के विद्यार्थियों ने न केवल शानदार अंक प्राप्त किए बल्कि जिला स्तर पर भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। विद्यालय की छात्रा तमन्ना ने ग्रामीण वर्ग में प्रथम स्थान तथा पूरे जिला जींद में द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया। वहीं प्रिया ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते जिला जींद के शीर्ष पांच विद्यार्थियों में स्थान हासिल किया। स्कूल के 48 बच्चों ने मेरिट, 13 बच्चों ने 90 प्रतिशत से ज्यादा, 31 बच्चों ने 80 प्रतिशत से ज्यादा अंक प्राप्त किए। विद्यालय टापर्स में प्रथम पर तमन्ना रही। उसने 98.6, प्रिया ने 98 प्रतिशत अंक हासिल किए। सूचना प्रौद्योगिकी में 100 अंक, सामाजिक विज्ञान में 100 अंक, हिंदी में 99 अंक, अंग्रेजी में 99 अंक, विज्ञान में 98 अंकए गणित में 94 अंक हासिल किए। चेयरमैन सुरेंद्र मडोत्रा ने विद्यार्थियों को बधाई देते कहा कि सफलता केवल अंकों से नही बल्कि निरंतर प्रयास, अनुशासन और सही मूल्यों से प्राप्त होती है। हमारे विद्यार्थियों ने यह सिद्ध कर दिया है कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और मेहनत सच्ची हो तो कोई भी ऊंचाई असंभव नहीं है। मैं सभी छात्रों को प्रेरित करता हूं कि वे इसी लगन के साथ आगे बढ़ें और जीवन में नई ऊंचाइयों को छुएं।




जींद। मेधावी बच्चे स्टाफ के साथ। फोटो :हरिभूमि



नरवाना। चेक वितरित करते कैबिनेट मंत्री। फोटो :हरिभूमि

## 82 लाख के चेक वितरित किए

**नरवाना।** हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने नरवाना की गौशालाओं का दौरा कर प्रदेश सरकार की ओर से 82 लाख 63 हजार 900 रुपये के चेक वितरित किए। कहा कि वर्ष 2011 से 2014 तक गौ सेवा आयोग के गठन को लेकर प्रदेश में व्यापक आंदोलन चला। लेकिन उस समय यह संभव नहीं हो पाया। वर्ष 2014 में सरकार बनने के बाद पहली बार हरियाणा में गौ सेवा आयोग का गठन किया गया। जिससे गौ माता की सुरक्षा और संरक्षण को संस्थागत मजबूती मिली। कैबिनेट मंत्री बेदी ने कहा कि हरियाणा देश का ऐसा राज्य है जहां गोमाता की सुरक्षा के लिए सबसे सख्त कानून लागू किया है, जिसे विधानसभा ने सर्वसम्मति से पारित किया था। बताया कि सरकार केवल कानून बनाकर ही नहीं रुकी बल्कि गौशालाओं में रह रहे पशुओं के भरण पोषण के लिए भी ठोस व्यवस्था की गई है।

### गांव धमतान साहिब में व्यक्ति की संदिग्ध मौत

**जींद।** गांव धमतान साहिब में रुपयों के लेने के चलते फसल को जबरन काटने की धमकी देने पर मानसिक रूप से परेशान व्यक्ति संदिग्ध हालात में मौत हो गई। गढ़ी थाना पुलिस ने मृतक की पत्नी की शिकायत पर तीन लोगों के खिलाफ आत्महत्या के लिए मजबूर करने समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

गांव धमतान साहिब निवासी बलिंद्र (32) की गत 14 अप्रैल को संदिग्ध हालात में तबीयत खराब होने पर उसे टोहाना के निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां पर गत दिवस उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर गढ़ी थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालातों को जायजा लिया। मृतका की पत्नी रितू ने पुलिस की दी शिकायत में बताया कि उसके पति बलिंद्र ने पांच एकड़ पंचायती जमीन ठेके पर ले कर गेहूं बिजाई की हुई थी।

### मिशन बुनियाद लेवल-3: 462 ने दी परीक्षा

**जींद।** मिशन बुनियाद लेवल 3 की परीक्षा शुक्रवार को गोहाना रोड स्थित राजकीय महिला कालेज में हुई। इसमें जिलेभर के 538 विद्यार्थियों में से 462 विद्यार्थियों ने भाग लिया जबकि 76 विद्यार्थी गैर हाजिर रहे। परीक्षा प्रक्रिया परीक्षा समाप्त होने के बाद ओरिएंटेशन कार्यक्रम भी किया गया। मुख्यातिथि के रूप में जिला शिक्षा अधिकारी रितु पंघाल ने शिरकत की। इसमें अभिभावकों को मिशन बुनियाद योजना की पूरी जानकारी दी गई और विद्यार्थियों को भी कार्यक्रम से जुड़ी आवश्यक बातें समझाई गई। शिक्षा विभाग की ओर से बुनियाद कार्यक्रम में चयनित विद्यार्थियों को जेईई और नीट की प्रवेश परीक्षा के प्रशिक्षण के लिए तैयारी कराई जाती है। मिशन बुनियाद लेवल 2 परीक्षा 30 जनवरी को जिलेभर में पांच परीक्षा केंद्रों पर हुई थी। 1343 विद्यार्थियों में से 1279 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी।



जींद। ओरिएंटेशन कार्यक्रम में भाग लेते बच्चे। फोटो :हरिभूमि




जींद। जागरूकता अभियान चालए हिंदू कन्या महाविद्यालय स्टाफ।

### हेलमेट व सीट बेल्ट के उपयोग बताए

**जींद।** हिंदू कन्या महाविद्यालय के सड़क सुरक्षा क्लब द्वारा सेवा ट्रस्ट यूके भारत एवं इनडेप्थ विजन फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को गांव खोखरी में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का समन्वयन डा. रश्मि मलिक इंचार्जए रोड सेफ्टी क्लब द्वारा किया गया। उनके नेतृत्व में महाविद्यालय की 30 छात्राओं ने घर-घर जाकर ग्रामीणों को हेलमेट व सीट बेल्ट के उपयोग, कम गति में वाहन चलाने एवं मोबाइल फोन का प्रयोग न करने जैसी प्रमुख सावधानियों के बारे में सरल भाषा में जागरूक किया। इस अवसर पर सेवा ट्रस्ट यूके (भारत) और इनडेप्थ विजन फाउंडेशन के जींद जिला कोऑर्डिनेटर अनिल घनघस ने कहा कि हमारा जीवन अनमोल है और इसकी सुरक्षा हम सबका सामूहिक उत्तरदायित्व है।

### स्वस्थ शरीर के लिए रक्तदान जरूरी

**उचाना।** आमतौर पर देखने में आता है कि रक्तदान शिविर में महिलाएं रक्तदान करने कम पहुंचती है। शिवानिया पब्लिक स्कूल की प्रिंसिपल प्रोमिला मलिक को जहां पता लगता है कि रक्तदान शिविर है तो वो वहां रक्तदान करने पहुंचती है। साल में दो बार रक्तदान वो करती है। शिक्षा के साथ-साथ रक्तदान करने के लिए भी वो महिलाओं को प्रेरित रक्तदान करने के लिए प्रेरित करती है। प्रोमिला मलिक ने बताया कि 2014 जून माह में उनके पिता विजयपाल का आप्रेशन हुआ था। ऐसे में उन्हें खून की जरूरत थी तो रक्तदान किया था। तब से लेकर अब तक 23 बार रक्तदान वो कर चुकी है। मलिक ने कहा कि रक्तदान करके हम किसी की जिंदगी बचाने का काम करते है। रक्तदान करने से शरीर में किसी तरह की कमजोरी नहीं आती है बल्कि स्वस्थ शरीर के लिए रक्तदान करना जरूरी है।

### एडीआर सेंटर में शिक्षकों के लिए वर्कशॉप

**जींद।** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार तथा जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पूनम सुनेजा के मार्गदर्शन में एडीआर सेंटर के सभागार में शिक्षकों के लिए एक वर्कशॉप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिवए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मोनिका ने की। प्राधिकरण की सचिव ने अपने संबोधन में कहा कि आपसी समझौते से हल हो सकने वाले मामलों के निपटारे के लिए राष्ट्रीय लोक अदालत एक अत्यंत प्रभावी माध्यम साबित हो रही है। लोक अदालत के माध्यम से सस्ता, सुलभ एवं त्वरित न्याय उपलब्ध होता है। इसकी प्रक्रिया सरल होती है, जिसमें दोनों पक्षों की सहमति से शांतिपूर्ण ढंग से मामलों का निपटारा किया जाता है।



उचाना। अतिरिक्त मंडी रोड पर सड़क पर पहुंचा गेहूं। फोटो :हरिभूमि

### पुरानी मंडी में सड़क किनारे लगे गेहूं के ढेर

**उचाना।** मंडी में गेहूं की आवक अधिक हुई है। गेहूं की खरीद, उठान का कार्य धीमा चल रहा है। किसान, आढ़तियों ने उठान की रफ्तार बढ़ाने की मांग की है। अब तक उचाना पुरानी मंडी, हाइवे स्थित अतिरिक्त मंडी, छात्तर सब यार्ड, धनखड़ी, घोघड़िया एवं काब्रच्छा परचेज सेंटर पर 1202331 क्विंटल की गेहूं की खरीद हुई है। अब तक 670770 क्विंटल गेहूं की खरीद विभिन्न एजेंसियों द्वारा की है। उठान अब तक 23728 क्विंटल ही हो पाया है। अब भी 647042 क्विंटल का उठान बाकी है जिसकी खरीद हो चुकी है। अब तक 15417 गेट पास कट चुके है। 13913 बायोमेट्रिक हो चुके है। मंडी गेहूं लेकर आने वाले किसानों में से 90.24 प्रतिशत बायोमेट्रिक हो चुके है। मंडी एसोसिएशन प्रधान विकास पंघाल ने कहा कि उठान की जो रफ्तार वह कछुआ की चाल से भी धीमी है।

# वैशाख अमावस्या पर श्रद्धालुओं ने किया पिंडारा तीर्थ पर पिंडदान

- सूर्यदेव को जलार्पण कर सुख और समृद्धि की कामना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

पांडु पिंडारा स्थित पिंडतारक तीर्थ पर शुक्रवार को वैशाख अमावस्या पर श्रद्धालुओं ने सरोवर में स्नान किया तथा पिंडदान कर पितृ तर्पण किया और सुखद भविष्य की कामना की। ऐतिहासिक पिंडतारक तीर्थ पर गुरूवार शाम से ही श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया था। गुरूवार की पूरी रात धर्मशालाओं में सत्संग तथा कीर्तन आदि का आयोजन चलता रहा। शुक्रवार को सुबह से ही श्रद्धालुओं ने सरोवर में स्नान तथा पिंडदान शुरू कर दिया जो मध्यान्ह के बाद तक चलता रहा। इस मौके पर दूर दराज से आएं श्रद्धालुओं ने अपने पितरों की आत्मा की शांति के लिए पिंडदान किया तथा सूर्यदेव को जलार्पण करके सुख समृद्धि की कामना की। पिंडतारक तीर्थ के संबंध में किदवंती है कि महाभारत युद्ध के बाद पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए पांडवों ने यहां 12 वर्ष तक सोमवती अमावस्या की प्रतीक्षा में तपस्या की। बाद में सोमवती अमावस के आने पर युद्ध में मारे गए परिजनों की आत्मा की शांति के लिए पिंडदान किया। तभी से यह माना जाता है कि पांडु पिंडारा स्थित पिंडतारक तीर्थ पर पिंडदान करने से पूर्वजों को मोक्ष मिल जाता है।

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम से होगा लोकतंत्र और मजबूत : मनीषा रंधावा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



- देश की आधी आबादी को मिलेगा नया अधिकार और सम्मान

जिला परिषद चेयरपर्सन मनीषा रंधावा ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम, 2023 देश के लोकतांत्रिक इतिहास में एक मील का पत्थर साबित होगा। अधिनियम महिलाओं को लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में 33 % आरक्षण सुनिश्चित कर उन्हें निर्णय प्रक्रिया में सशक्त भागीदारी प्रदान करेगा। कहा कि लंबे समय से महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी बढ़ाने की आवश्यकता महसूस की जा रही थी और यह कानून उस दिशा में एक निर्णायक कदम है। इससे न केवल महिलाओं को समान अवसर मिलेगा बल्कि शासन व्यवस्था अधिक संवेदनशील, जवाबदेह और प्रभावी बनेगी। मनीषा रंधावा ने बताया कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने महिलाओं के उत्थान के लिए अनेक महत्वपूर्ण योजनाएं लागू की हैं। जिनमें उज्जवला योजना, जन धन योजना, मातृत्व वंदना योजना और स्वयं सहायता समूहों को बढ़ावा देना शामिल है। इन योजनाओं ने महिलाओं को आर्थिक, सामाजिक और स्वास्थ्य के स्तर पर सशक्त बनाया है। कहा कि पंचायत और स्थानीय निकायों में महिलाओं की भागीदारी ने यह सिद्ध किया है कि महिला नेतृत्व समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। अब यह अधिनियम उसी सफलता को संसद और विधानसभाओं तक ले जाने का कार्य करेगा। मनीषा रंधावा ने विश्वास जताया कि यह कानून विकसित भारत के निर्माण में अहम भूमिका निभाएगा और देश की आधी आबादी को सशक्त बना कर लोकतंत्र को और मजबूत करेगा। अंत में उन्होंने सभी नागरिकों से इस ऐतिहासिक पहल का समर्थन करने और महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया।



जींद। कैबिनेट मंत्री का पुतला फूंकते भाकियू कार्यकर्ता। फोटो :हरिभूमि

## नए फसल खरीद नियमों का विरोध

**जींद।** नए फसल खरीद नियम के विरोध में भारतीय किसान यूनियन का धरना शुक्रवार को 10वें दिन जारी रहा। शुक्रवार को भाकियू पदाधिकारियों ने कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी का पुतला फूंक कर कर रोष प्रकट किया। भाकियू जिला प्रधान बिंद्र नंबरदार, प्रदेश उपाध्यक्ष उमेद सिंह रेढू, जिला प्रेस प्रवक्ता रामराजी ढुल पोंकरीखेड़ी ने कहा कि जब तक सरकार का यह तुगलकी फरमान वापस नहीं होता जब तक हर रोज एक मंत्री या विधायक का पुतला दहन किया जाएगा। ऐसे में भाकियू का ऐलान है कि जल्द से जल्द सरकार फसल खरीद के नए नियमों को वापस ले। अगर जल्द ही यह नियम वापस नहीं लिए गए तो 19 अप्रैल को मार्केट कमेटी कार्यालय के सामने चल रहे भाकियू के धरने पर बड़ा फैसला लिया जाएगा। जिसकी जिम्मेदारी सरकार की होगी।

## एसपी ने बैठक में पुलिस कर्मियों को दिए दिशा-निर्देश

# ड्यूटी आवर्स का विशेष ध्यान रखने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला में यातायात व्यवस्था एवं ईआरवी को और अधिक सुदृढ़ बनाने को लेकर पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह ने पुलिसकर्मियों की बैठक ली। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक ने यातायात व्यवस्था को और अधिक प्रभावी एवं सुचारू बनाने के उद्देश्य से विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर गहन चर्चा की। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए कि ड्यूटी के दौरान प्रयोग में लाई जा रही सरकारी गाडियों की नियमित मेंटेनेंस सुनिश्चित की जाए ताकि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित और निर्बाध सेवा प्रदान की जा सके। इसके अतिरिक्त उन्होंने ड्यूटी आवर्स का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। जिससे कर्मचारियों की कार्यक्षमता बनी रहे और वे पूर्ण ऊर्जा एवं सतर्कता के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर सकें। पुलिस अधीक्षक ने विशेष रूप से प्रत्येक ईआरवी एवं यातायात वाहन में फस्ट एड बॉक्स की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए तथा कर्मचारियों को सीपीआर जैसी जीवन रक्षक तकनीकों का ज्ञान होना अनिवार्य बताया। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं या अन्य आपातकालीन परिस्थितियों में पुलिस की त्वरित एवं सही प्रतिक्रिया किसी भी व्यक्ति की जान बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।बैठक के दौरान उन्होंने सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को आमजन के साथ शालीन व्यवहार बनाए रखने, यातायात नियमों का सख्ती से पालन करवाने तथा जागरूकता फैलाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि पुलिस का मुख्य उद्देश्य केवल चालान करना नही बल्कि लोगों को सुरक्षित एवं जिम्मेदार नागरिक बनाना भी है। अंत में पुलिस अधीक्षक ने सभी को अपने कर्तव्यों के प्रति सजग रहने, अनुशासन बनाए रखने तथा टीम भावना के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया ताकि जिला जींद में यातायात व्यवस्था को और अधिक मजबूत एवं सुरक्षित बनाया जा सके। बैठक में मुख्य रूप से डीएसपी उचाना संजय कुमार, इंस्पेक्टर बिजेंद्र सिंह अपनी टीम सहित उपस्थित रहे तथा ईआरवी व यातायात स्टाफ ने भाग लिया।



जींद। बैठक में पुलिसकर्मियों को दिशा-निर्देश देते एसपी कुलदीप सिंह।

# सरकार से ज्यादा अफसरशाही प्रदेश में हावी : विकास सिहाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

युवा जजपा के प्रदेश महासचिव विकास सिहाग ने कहा कि हिसार में जिस तरह से पूर्व सीएम दुष्यंत चौटाला को कुचलने का प्रयास किया गया। इससे यह कहना गलत नही होगा कि सरकार से ज्यादा अफसरशाही हावी नजर आ रही है। इससे लोगों में सरकार के प्रति असंतोष लगातार बढ़ रहा है। विकास सिहाग ने कहा कि कानून व्यवस्था के मोर्चे पर भी भाजपा सरकार कमजोर साबित हो रही है। प्रदेश में अपराध की घटनाएं बढ़ रही हैं लेकिन उन पर काबू पाने में प्रशासन नाकाम नजर आ रहा है। आम नागरिक खुद को सुरक्षित महसूस नहीं कर पा रहा। जो किसी भी सरकार की सबसे बड़ी विफलता मानी जाती है। जजपा कार्यकर्ताओं ने भी साफ शब्दों में कहा है कि वे सरकार या प्रशासन से डरने वाले नहीं हैं। उनका कहना है कि वे जनता के हक के लिए आवाज उठाते रहेंगे और किसी भी दबाव में नहीं आएंगे। पूर्व डिप्टी सीएम को कुचलने के प्रयास की घटना बेहद निंदनीय है। इस तरह की घटनाएं लोकतंत्र के लिए खतरा हैं और यह दर्शाती हैं कि कानून की रक्षा करवाने वाले खुद कानून को हाथ में ले रहे हैं। सरकार को चाहिए कि इस मामले में सख्त कार्रवाई करे ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।



## गेहूं खरीद प्रक्रिया का लिया जायजा, अधिकारियों को दिए जल्द अनलोडिंग के निर्देश

# डीसी अपराजिता ने किया सोलू माजरा में साइलो का दौरा

*सभी मंडियों में उठान कार्य में तेजी लाने को भी कहा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

डीसी अपराजिता ने शुक्रवार दोपहर को गांव सोलू माजरा में स्थित साइलो का दौरा किया और वहां गेहूं खरीद प्रक्रिया का जायजा लिया। उन्होंने किसानों व साइलो के अधिकारियों सहित खरीद एजेंसियों के अधिकारियों से बातचीत कर गेहूं खरीद को लेकर चल रही कार्रवाई की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को जल्द से जल्द अनलोडिंग के निर्देश दिए, ताकि सड़क पर वाहनों की लंबी लाइनों को खत्म किया जा सके। इसके अलावा डीसी ने मौसम को देखते हुए जिले भर की मंडियों से उठान कार्य में भी तेजी लाने के निर्देश दिए।

डीसी अपराजिता शुक्रवार दोपहर साइलोज परिसर में पहुंचीं। जहां उन्होंने सबसे पहले गेहूं की अनलोडिंग कर रहे किसानों से बातचीत की। वहां गेहूं से भरी ट्रालियों को खाली करने की प्रक्रिया को समझा। इसके बाद डीसी ने कार्यालय में बैठक लेकर पूरी प्रक्रिया की जानकारी हासिल की। उन्होंने कहा कि ढांड व पूंडरी मंडी से जो भी गेहूं साइलोज में लाया जाना है, उसे जल्द से जल्द लाकर स्टोर किया जाए।

उन्होंने साइलोज के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जो गेहूं पहले से यहां भंडारित है, उसे जल्द से जल्द खाली करवाने के लिए आवश्यक कदम उठाएं। ताकि नए गेहूं को स्टोर किया जा सके। साइलोज प्रबंधक ने बताया कि साइलोज में 87 हजार एमटी गेहूं के भंडारण के लिए जगह खाली है। डीसी ने कहा कि जो ट्रक या ट्राली सड़क पर खड़े हैं, उन्हें जल्द से जल्द अनलोड करवाएं। किसानों को ज्यादा इंतजार न करना पड़े। ट्राली खाली करने में उतना ही समय लगे, जितना तकनीकी रूप से जरूरी है। सड़क पर लगी लाइनें जल्द से जल्द खत्म हों। डीसी ने प्रवेश द्वार पर गेहूं की एंट्री से लेकर साइलोज में पहुंचने तक की पूरी प्रक्रिया की जानकारी हासिल की। उन्होंने किसानों को समय से भुगतान करने, गेहूं लेकर आए किसानों के लिए पानी एवं भोजन जैसी सुविधाओं के बारे में जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश जारी किए। डीसी ने मौके पर एसडीएम संजय कुमार, खरीद एजेंसियों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि खराब मौसम को देखते हुए सभी मंडियों से उठान कार्य में तेजी लाई जाए।



कैथल। डीसी अपराजिता सोलूमाजरा के साइलो गोदाम का निरीक्षण करते हुए।



कैथल। डीसी अपराजिता सोलूमाजरा के साइलो गोदाम के यहां खाद्य सामग्री को जांचते हुए। *फोटो : हरिभूमि*



कैथल। अनाज मंडी चौकी इंचार्ज सुरेश कुमार गेहूं सीजन को लेकर ड्यूटी देते हुए।

### किसानों के लिए शुरू की अटल कैंटीन

एसडीएम संजय कुमार ने डीसी अपराजिता को बताया कि किसानों की सुविधा के लिए सभी तरह के प्रबंध किए गए हैं। यहां किसानों के भोजन के लिए अटल कैंटीन शुरू की गई है। डीसी ने कैंटीन का दौरा कर भोजन की गुणवत्ता बारे जानकारी हासिल की और स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश जारी किए। इस अवसर पर मार्केट कमेटी चेयरमैन विजेंद्र मेहला सहित खरीद एजेंसियों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।

### मंडियों में आई 4,30,343 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद

**कैथल।** डीसी अपराजिता ने बताया कि जिला में विभिन्न एजेंसियों द्वारा बुधवार तक कुल 4 लाख 30 हजार 343 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद गई है। जिले में गेहूं की कुल आवक में से एक लाख 47 हजार 447 मीट्रिक टन गेहूं खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा, एक लाख 82 हजार 549 हैफेड द्वारा तथा एक लाख 347 मीट्रिक टन गेहूं हरियाणा वेयरहाउसिंग कॉर्पोरेशन द्वारा खरीदा गया है। उन्होंने बताया कि अगोंध मंडी में 4752 मीट्रिक टन, अरनोली मंडी में 4253 मीट्रिक टन, बाबा लदाना में 14558 मीट्रिक टन, बडसिकरी खुर्द में 7484 मीट्रिक टन, बलबेहड़ा मंडी में 3049 मीट्रिक टन, बालू मंडी में 5908 मीट्रिक टन, बरटा मंडी में 6250 मीट्रिक टन, बाउपुर में 910 मीट्रिक टन, भागल में 3474 मीट्रिक टन, भुसला में 2556 मीट्रिक टन,चीका मंडी में 34258 मीट्रिक टन, चीका अतिरिक्त मंडी 50350 मीट्रिक टन, डीग मंडी में 2254 मीट्रिक टन,धनोरी में 6777 मीट्रिक टन, फर्श माजरा में 2008 मीट्रिक टन, गोहरा में 5792 मीट्रिक टन, गुहणा में 1577 मीट्रिक टन, हाबड़ी मंडी में 5059 मीट्रिक टन, जाखोली मंडी में 4176 मीट्रिक टन, कैलरम में 3739 मीट्रिक टन, कैथल पुरानी मंडी में 6706 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई। इसके तरह कैथल नई अनाज मंडी में 39914 मीट्रिक टन, कैथल अतिरिक्त नई अनाज मंडी में 47721 मीट्रिक टन, कलायत अनाज मंडी में 32246 मीट्रिक टन, कमहेड़ी में 1033 मीट्रिक टन, कांगथली में 6766 मीट्रिक टन, करोड़ा में 7676 मीट्रिक टन, क्योड़क मंडी में 3727 मीट्रिक टन, किठाना में 18224 मीट्रिक टन, पाडला में 4743 मीट्रिक टन, पाई में 10437 मीट्रिक टन, पूंडरी मंडी में 3931 मीट्रिक टन, राजौंद अनाज मंडी में 17925 मीट्रिक टन, रामथली मंडी में 13498 मीट्रिक टन, रसीना में 4959 मीट्रिक टन, सजूमा मंडी में 1814 मीट्रिक टन, सांगण में 5200 मीट्रिक टन, सेरधा में 5456 मीट्रिक टन, सीवन में 14243 मीट्रिक टन, सोलू माजरा साइलो में 14940 मीट्रिक टन गेहूं खरीद की गई।

### एसडीएम ने किया अनाज मंडी का दौरा

**गुहला-चीका।** एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह ने चीका अनाज मंडी व अतिरिक्त अनाज मंडी का दौरा कर गेहूं खरीद कार्य का निरीक्षण किया। संबंधित अधिकारियों से गेहूं की आवक की पुख्ता जानकारी ली। उन्होंने मार्किट कमेटी सचिव को निर्देश दिए कि मंडी में यातायात को सुचारू बनाए रखेंगे ताकि मंडियों में जाम की स्थिति न हो। किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। उनकी शिकायतों को प्राथमिकता से सुन कर दूर करने का कार्य करें। एसडीएम ने निर्देश देते हुए कहा कि संबंधित अधिकारी यह भी सुनिश्चित करें कि गेहूं की भराई के बाद सही तोल किया जाए। यदि तोल में किसी प्रकार की अनियमितता पाई गई तो दोषियों के खिलाफ प्रशासन द्वारा सख्त कार्रवाई की जाएगी।



गुहला-चीका। एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह अनाज मंडी का निरीक्षण करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

### उठान धीमा होने से मंडी गेहूं से अटी

**राजौंद।** राजौद अनाज मंडी में गेहूं उठान धीमा होने से मंडी में कटो के अंबार लग चुके हैं। किसानों को नहीं मिल रही मंडी में गेहूं डालने के लिए जगह, साथ ही शुक्रवार को मौसम परिवर्तन ने बढ़ाई किसानों की चिंताएं। अनाज मंडी में गेहूं के कट्टों के भारी अंबार लग चुके है। उठान न होने के कारण मंडी पूरी तरह भर चुकी है, जिससे किसानों और आढ़तियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति यह है कि अब किसानों को अपनी फसल मंडी में लाने के लिए जगह नहीं मिल रही है। राजौंद मंडी एसो. के प्रधान भीम सिंह ने बताया कि मंडी में करीब 3 लाख से अधिक किवंटल उठान के इंतजार में पड़े हैं, जबकि गुरुवार तक मात्र 20 हजार किवंटल का ही उठान हो पाया है।



राजौंद। अनाज मंडी में उठान न होने के कारण लगे गेहूं के कट्टों के अंबार, जगह के अभाव में परेशान किसान व आढ़ती।

### किसानों व आढ़तियों को नहीं होगी परेशानी

**कैथल।** अनाज मंडी चौकी एएसआई इंचार्ज सुरेश कुमार गेहूं सीजन में मुस्तैदी के साथ डयूटी करते देखे जा रहे हैं। वे अपनी टीम के साथ सुबह से सायं तक अनाज मंडी का दौरा करते हुए व्यवस्था को चाक चौबंद बनाए हुए हैं। उन्होंने बताया कि वे गाडी और स्कूटी से सफर कर चप्पे-चप्पे पर नजर रख रहे हैं ताकि किसी भी प्रकार की कोई अनहोनी न हो। चोरी व अनहोनी को लेकर वे समय-समय पर खुद अनाज मंडी का दौरा करते हैं। बता दें कि गेहूं की कटाई जोरों पर है और इसी क्रम में सुबह 4:00 बजे से ट्रालियां किसान ट्रालियां लेकर अनाज मंडी पहुंच जाते हैं। गेटों पर पुलिस कर्मी होमगार्ड, अपनी सेवा के लिए तत्पर है। उन्होंने बताया कि सीजन के दौरान आढ़तियों व किसानों को किसी प्रकार की कोई भी समस्या नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक मनप्रीत सिंह सूदन के मार्गदर्शन में वे अपनी डयूटी का निर्वहन पूरी निष्ठा और ईमानदारी से कर रहे हैं। बता दें कि उनकी वर्ष 2025 के अनाज मंडी के अव्वल कार्य को देखते हुए उन्हें पुनः अनाज मंडी चौकी इंचार्ज लगाया गया है।

### विधायक जांबा ने किया पाई अनाज मंडी का दौरा

**पाई।** शुक्रवार को हल्का विधायक सतपाल जांबा ने पाई व करोड़ा अनाज मंडी का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने किसानों व आढतियों से समस्याओं की जानकारी ली। जिसमें लदाई की मुख्य समस्या उभरकर सामने आई। किसानों ने बताया कि उनकी तुली हुई गेहूं का उठान न के बराबर है। जिससे उनकी फसल के पैसे काफी देरी से आयेंगे। उन्होंने किसानों से अपील की वे अपनी फसल सुखाकर व साफ करके लेकर आये ताकि उनको बेचने में दिक्कत न आये। उन्होंने बताया कि किसानों को उनकी फसल के पैसे 48 घंटे के अंदर दिये जायेंगे। फसल की खरीद पुरी पारदर्शी से की जा रही है। किसानों के गेटपास कटने में व बायो मैट्रिक में कोई भी परेशानी नहीं आ रही। इस अवसर उनके साथ कमेटी चैयरमेन कृष्ण शर्मा व कमेटी सचिव जोगेंद्र सिंह पेसिया व की आढ़ती भी थे।



पाई। विधायक सतपाल जांबा अनाज मंडी पाई का निरीक्षण करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

## खबर संक्षेप

### नरेश ढुल ने संभाला प्राचार्य का कार्यभार

**सीवन।** राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालय, सीवन में नरेश ढुल ने विद्यालय में प्राचार्य के पद का कार्यभार ग्रहण कर लिया है। स्टाफ ने नरेश ढुल का हार्दिक स्वागत करते हुए उनके सफल एवं उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की। प्रधानाचार्य ने कहा कि मुझे राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सीवन जैसे प्रतिष्ठित संस्थान में प्राचार्य के रूप में कार्य करने का अवसर मिला है, यह मेरे लिए गर्व की बात है।

### माई भारत क्वेस्ट में दो छात्राओं का चयन

**पूंडरी।** चौधरी ईश्वर सिंह महाविद्यालय पुंडरी की छात्राएं पूर्वा व स्वाति का माय भारत केंद्र के तहत माय भारत बजट क्वेस्ट 2026 के अंतर्गत माननीय प्रधानमंत्री के साथ वर्चुअल संवाद कार्यक्रम हेतु प्रतिभागी के रूप में चयन हुआ। प्राचार्या डॉ. शकुंतला सिंगला ने 12 लाख प्रतिभागियों में से चयनित हुई दोनों छात्रों को बधाई देते हुए उनके प्रयासों की भूरी-भूरी प्रशंसा की।

### योग समग्र जीवनशैली का आधार : डॉ. शकुंतला

**कैथल।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस-2026 की तैयारियों के तहत नागरिक अस्पताल में जिला स्तरीय योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। डॉ. शकुंतला दहिया ने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि एक समग्र जीवनशैली है, जो व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक रूप से सशक्त बनाती है। उन्होंने बताया कि नियमित योगाभ्यास से तनाव, चिंता, उच्च रक्तचाप और मधुमेह जैसी जीवनशैली संबंधी बीमारियों में लाभ मिलता है।

### युवाओं को किया नशा न करने बारे जागरूक

**कैथल।** पुलिस टीम द्वारा कैथल जिले में आमजन को नशे के दुष्परिणामों बारे लगातार जागरूक किया जा रहा है। इसी मुहिम तहत शुक्रवार को जागरूकता टीम में शामिल इसी मुहिम तहत जागरूकता टीम में शामिल एएसआई मनोज, एचसी दिनेश, सिपाही नसीब, महिला सिपाही नीलम, महिला एसपीओ गीता व एसपीओ चांदी राम की टीम द्वारा पुंडरी, हाबड़ी, सिरसल, बरसाना, टयौंठा व फरल में युवाओं सहित आमजन को पुलिस द्वारा नशे के दुष्परिणामों बारे अवगत कराया।



ढांड। खिलाडी सतनाम गोरसी का स्वागत करते ग्रामीण।

### खेड़ी राय वाली में बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में गोल्ड मेडलिस्ट सतनाम गोरसी का भव्य अभिनंदन

**ढांड।** गांव खेड़ी राय वाली जिला कैथल के उभरते बॉडीबिल्डिंग खिलाड़ी सतनाम गोरसी के गांव आगमन पर ग्राम पंचायत एवं ग्रामीणों द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान पूरे गांव में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला और ग्रामीणों ने अपने होनहार खिलाड़ी की सफलता पर गर्व व्यक्त किया। सतनाम गोरसी ने हाल ही में बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए मात्र 20 दिनों के भीतर जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उन्होंने 22 फरवरी 2026 को कैथल में आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिता में पहला गोल्ड मेडल जीता। इसके बाद 28 फरवरी को अंबाला में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भी स्वर्ण पदक जीतकर राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया। वहीं 14 अप्रैल को दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतकर अंतरराष्ट्रीय स्तर के लिए अपनी दावेदारी मजबूत की। गांव पहुंचने पर सतनाम गोरसी का बाइक और गाड़ियों के काफिले के साथ भव्य स्वागत किया गया। जुलूस के रूप में पूरे गांव में भ्रमण कराया गया, जहां ग्रामीणों ने फूल-मालाएं पहनाकर उनका अभिनंदन किया।

## सिल्वर ओक स्कूल का मन्नत रहा सीबीएसई दसवीं की परीक्षा में प्रथम

- आर्यन ढुल ने 96 .6 अंकों के साथ प्राप्त किया द्वितीय स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

सिल्वर ओक इंटरनेशनल स्कूल, कैथल का दसवीं का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा। विद्यालय के चेयरमैन डॉ. सोनाली चौधरी व प्रधानाचार्या रेनू अनेजा ने बताया कि मन्नत अग्रवाल ने 96.8 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। आर्यन ढुल ने 96.6 अंकों के साथ द्वितीय स्थान, देवांशी ने 96.4 अंकों के साथ तृतीय स्थान, वंशदीप ने 95.2% अंकों के साथ चतुर्थ स्थान तथा हिमांशी ने 94.8 अंकों के साथ पंचम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। इसके अतिरिक्त युविका (94), एकमप्रीत (93.8), रितिका (93), अनवी (92.8), चक्षीत (92.8), प्रत्युष (92.6), ध्रुव (92.2), यासमिन (91.6) और अभिराज (90.6) ने भी उत्कृष्ट अंक प्राप्त किए। बता दें कि एआई विषय में मन्नत अग्रवाल, आर्यन ढुल और हिमांशी ने 100 अंक प्राप्त किए, जबकि आर्यन ढुल ने गणित में भी 100 अंक हासिल किए। प्रिंसिपल रेनू अनेजा ने बताया कि विद्यालय पहले कक्षा 10 तक ही था, लेकिन इस वर्ष से कक्षा 11 भी शुरू की गई है।



कैथल। सिल्वर ओक इंटरनेशनल स्कूल, कैथल में 10वीं में अव्वल रहे विद्यार्थी।

## एमडीएन स्कूल का सीबीएसई 10वीं परीक्षा का शत-प्रतिशत परिणाम

- पुरस्कार वितरण समारोह में मेधावियों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता की एक और ऊंचाई को छूते हुए एमडीएन ग्लोबल स्कूल, कैथल ने सत्र 2025-26 के कक्षा दसवीं के केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित परिणाम में शानदार प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के सम्मान में भव्य पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया। विद्यालय परिसर में विद्यार्थियों की उपलब्धियों का भव्य उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ निदेशक डॉ. विनोद कुमार, अध्यक्षा निधि कंसल, प्रबंधक गौरव गर्ग एवं प्रधानाचार्य डॉ. संत कौशिक ने किया। इस अवसर पर समस्त उपस्थितजनों ने ज्ञान, सफलता एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की। निदेशक ने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की अथक मेहनत, शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन का प्रतिफल है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष कक्षा दसवीं की बोर्ड परीक्षा में कुल 101 विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिनमें से 19 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए ।



कैथल। दसवीं के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करते पदाधिकारी।



कैथल। डीसी अपराजिता तथा एसपी मनप्रीत सिंह अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए। *फोटो :हरिभूमि*

### जिले में शांतिपूर्ण एवं नकल रहित करवाई जाए नीट की परीक्षा : उपायुक्त

**कैथल।** डीसी अपराजिता ने कहा कि आगामी तीन मई को एनईईटी की परीक्षा आयोजित की जाएगी। जिले में पांच परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिन में 1841 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे। परीक्षा को परीक्षा को शांतिपूर्ण और नकल रहित तरीके से संपन्न करवाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसलिए सभी संबंधित अधिकारी नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा जारी सभी हिदायतों का शत प्रतिशत पालन सुनिश्चित करें। डीसी अपराजिता शुक्रवार को लघु सचिवालय के वीडियो कांफ्रेंस रूम में संबंधित विभागों के अधिकारियों और परीक्षा केंद्र अधीक्षकों के साथ समीक्षा बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दे रही थीं। इससे पूर्व हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने परीक्षा के सफल आयोजन को लेकर दिशा-निर्देश दिए। वीसी के बाद डीसी अपराजिता ने कहा कि इस परीक्षा को पूरी पारदर्शिता और सुरक्षा के साथ आयोजित करवाए जाए।

## न्यूज डायरी



### पोषण पखवाड़ा में बच्चों के विकास पर दी जानकारी

**गुहला चीका।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 9 अप्रैल से 23 अप्रैल तक पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत खंड गुहला की सभी आंगनवाड़ी केंद्रों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में शुक्रवार को खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय चीका में पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत टॉयज वर्कशाप लगाई गई। इसकी अध्यक्षता सीडीपीओ गुरजीत कौर द्वारा की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य वेस्ट मटेरियल से खिलौने बनाकर बच्चों के समग्र विकास के प्रति जागरूकता को बढ़ाना था । कार्यक्रम में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओ ने पुराने डिब्बो, बोतलों व अन्य उपलब्ध सामग्री से आकर्षक व शैक्षणिक खिलौने तैयार किए और बच्चों की शिक्षा को रोचक बनाने का संदेश दिया। इस दौरान संतुलित आहार स्वच्छता और बच्चों के मानसिक व शारीरिक विकास पर जोर दिया गया।



### जल संरक्षण को जन-जन का अभियान बनाएं : दीपक

**गुहला-चीका।** जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के जिला सलाहकार दीपक कुमार ने शुक्रवार खंड विकास एवं पंचायत कार्यालय गुहला में आयोजित खंड स्तरीय बैठक में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। दीपक कुमार ने कहा कि जल संरक्षण आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बन चुका है। लगातार गिरते भूजल स्तर और बढ़ती जल मांग को देखते हुए पानी का सदुपयोग करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में लोगों को जागरूक करें और पानी की बर्बादी को रोकने के लिए सक्रिय भूमिका निभाएं। दीपक कुमार ने बताया कि भारत सरकार द्वारा 9 अप्रैल से 23 अप्रैल 2026 तक मनाए जा रहे पोषण पखवाड़ा का भी विशेष उल्लेख किया।

### वार्ड-8 में दुर्गा मंदिर मार्ग का निर्माण कार्य शुरू

**राजौंद।** वार्ड नंबर-8 व 7 में स्थित दुर्गा मंदिर, पेगा मार्ग को जाने वाली सड़क का बीच का हिस्सा लंबे समय से अधूरा पड़ा हुआ था, जिससे वार्ड निवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। इस समस्या को लेकर समाचार पत्रों में खबर प्रकाशित होने के बाद आखिरकार संबंधित विभाग हरकत में आ गया। शुक्रवार को विभाग व ठेकेदार द्वारा अधूरे पड़े हिस्से के निर्माण कार्य को शुरू कर दिया गया। निर्माण कार्य शुरू होने से न केवल मंदिर व गुरुद्वारा में जाने वाले श्रद्धालुओं को राहत मिली, बल्कि पेगा मार्ग व वार्ड-8 व वार्ड 7 के निवासियों ने भी राहत की सांस ली है।

## करीब डेढ़ साल से विभिन्न तकनीकी और प्रशासनिक कारणों के चलते अटकी थी प्रक्रिया

# रोडेवज के हैप्पी कार्ड का इंतजार हुआ खत्म, यात्रियों को मिलेगी सुविधा

*30 हजार हैप्पी कार्डों का वितरण शुरू*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



कैथल। कैथल के बस स्टैंड पर रोडवेज कर्मचारी हैप्पी कार्ड वितरित करते हुए।

लंबे समय से हैप्पी कार्ड का इंतजार कर रहे लाभार्थियों के लिए राहत भरी खबर सामने आई है। शुक्रवार से नए हैप्पी कार्ड के ओटीपी आने शुरू हो गए हैं, जिसके साथ ही करीब 30 हजार कार्डों का वितरण तेज कर दिया गया है। पिछले करीब डेढ़ साल से विभिन्न तकनीकी और प्रशासनिक कारणों के चलते यह प्रक्रिया अटकी हुई थी, जिससे हजारों लोग योजना का लाभ नहीं उठा पा रहे थे।

दरअसल, 23 मार्च से ही हैप्पी कार्ड बनकर डिपो में तैयार पड़े थे, लेकिन ओटीपी न मिलने के कारण इनका वितरण नहीं हो पा रहा था। लाभार्थियों को बार-बार डिपो के चक्कर काटने पड़ रहे थे, लेकिन हर बार उन्हें निराशा ही हाथ लगती थी। अब तकनीकी समस्या के समाधान के बाद विभाग ने तेजी से कार्ड वितरण शुरू कर दिया है, जिससे लोगों को बड़ी राहत मिली है। हैप्पी कार्ड वितरण में देरी की सबसे बड़ी वजह लाभार्थियों के मोबाइल पर ओटीपी न आना थी। मार्च महीने में कार्ड तैयार होकर डिपो पहुंच गए थे, लेकिन सिस्टम में आ रही तकनीकी खामी के कारण ओटीपी जनरेट नहीं हो पा रहे थे। बिना ओटीपी के कार्ड जारी करना संभव नहीं था, जिससे पूरी प्रक्रिया ठप हो गई थी। इस समस्या के कारण आम लोग काफी परेशान थे। कई लाभार्थी तो कई-कई बार डिपो पहुंचे, लेकिन उन्हें हर बार इंतजार करने के लिए कहा गया। अब विभाग द्वारा इस तकनीकी समस्या को दूर कर लिया गया है, जिससे ओटीपी आने लगे हैं और वितरण प्रक्रिया ने रफ्तार पकड़ ली है। जिले में अब तक करीब 1 लाख 54 हजार हैप्पी कार्ड बनाए और वितरित किए जा चुके हैं। इनमें से अधिकांश कार्ड सक्रिय हैं और लाभार्थी इनका नियमित उपयोग कर रहे हैं।

### क्या है अंत्योदय परिवार परिवहन योजना

हरियाणा सरकार की अंत्योदय परिवार परिवहन योजना के तहत उन परिवारों को यह सुविधा दी जाती है, जिनकी वार्षिक आय एक लाख रुपये से कम है। इस योजना की घोषणा मार्च 2024 में लोकसभा चुनाव से पहले की गई थी, जिसके बाद मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा इसका औपचारिक शुभारंभ किया गया। इस योजना का मुख्य उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों को सस्ती और सुलभ परिवहन सुविधा उपलब्ध कराना है, ताकि वे बिना आर्थिक बोझ के अपनी आवश्यक यात्राएं पूरी कर सकें। इस योजना के तहत ही हैप्पी कार्ड जारी किए जाते हैं।

### अटल सेवा केंद्र से होता है आवेदन

हैप्पी कार्ड बनवाने के लिए इच्छुक लाभार्थियों को पहले अटल सेवा केंद्र के माध्यम से विभागीय पोर्टल पर आवेदन करना होता है। इसके बाद संबंधित विभाग द्वारा आवेदन की जांच और मंजूरी दी जाती है। मंजूरी मिलने के बाद कार्ड तैयार किया जाता है और ओटीपी के माध्यम से लाभार्थी को सौंपा जाता है।

### पात्रों को जल्द मिलेंगे ओटीपी

रोडवेज विभाग के महाप्रबंधक कमलजीत सिंह ने बताया कि कैथल में हैप्पी कार्ड वितरण का कार्य तेजी से जारी है। करीब 30 हजार नए कार्ड लाभार्थियों को वितरित किए जा रहे हैं और सभी पात्र लोगों तक यह सुविधा पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि जिन लाभार्थियों को अभी तक ओटीपी नहीं मिला है, उन्हें भी जल्द ही कार्ड उपलब्ध करा दिए जाएंगे। विभाग लगातार प्रयास कर रहा है कि कोई भी पात्र व्यक्ति इस योजना के लाभ से वंचित न रहे।

## खबर संक्षेप



### महक ढुल बनीं सीनियर नेशनल कबड्डी चैंपियन

**राजौंद।** गांव फरियाबाद की होनहार बेटी महक ढुल ने 73 वीं सीनियर नेशनल कबड्डी चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीतकर अपने गांव, जिले और पूरे हरियाणा का नाम रोशन किया है। महक ढुल, जो नरेश कुमार की सुपुत्री हैं, ने राजस्थान टीम की ओर से खेलते हुए फाइनल मुकाबले में हिमाचल प्रदेश की टीम को हराकर यह शानदार उपलब्धि हासिल की। महक की इस सफलता से गांव फरियाबाद में खुशी और गर्व का माहौल है। जैसे ही उनके गांव पहुंचने की सूचना मिली, ग्रामीणों ने उनका भव्य स्वागत किया।

### मुस्कान खेतों में ट्रैक्टर चला कर बनी मिसाल

**उचाना।** उचाना हलके के गांव डूमरखा कलां की रहने वाली 12वीं कक्षा की छात्रा मुस्कान खेतों में ट्रैक्टर चलाकर अपने पिता का हाथ बंटाती है। स्कूल से लौटने के बाद वह सीधे खेतों में जाती है और जुताई, बुवाई, रीपर से तूड़ी बनाने जैसे काम करती है।



मुस्कान ट्रैक्टर चलाने के साथ-साथ खेतों को समतल करने में भी माहिर है। गांव में लोग उसे ड्राइवर छोरी के नाम से जानते हैं। उसके पिता प्रवीण ने उसकी लगन देखकर उसे अपना ट्रैक्टर भी दिलवाया है। मुस्कान सोशल मीडिया पर भी काफी लोकप्रिय है। इंस्टाग्राम पर उसके 39 हजार और फेसबुक पर 1 लाख 10 हजार फॉलोअर्स हैं।

### किशनपुरा के ग्रामीण मिले एसपी से

**जींद।** गांव किशनपुरा के राजकीय माध्यमिक विद्यालय में लगभग एक वर्ष से लंबित भ्रष्टाचार की शिकायत में अधिकारियों के टरकाऊ एवं ढूलमूल रवैये से तंग शिकायतकर्ताओं सतबीर यादव पूर्व सरपंच, बलबीर शर्मा पूर्व सरपंच, पाला राम पंच, संदीप लम्बरदार आदि ने गांव के स्कूल में जांच के दौरान पुलिस सुरक्षा एवं विडियो ग्राफी की मांग की है ताकि शिकायतकर्ता एवं जांच अधिकारी कार्य निष्पक्ष कर सके। जब भी कोई जांच अधिकारी विद्यालय गया तो रिकार्ड अपने कब्जे में लेने की बजाय विद्यालय मुखिया को सुधार की सलाह भर दी।

### शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं के अहम

**जींद।** राजकीय महाविद्यालय में नारी शक्ति वंदन अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य सत्यवान मलिक की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का आयोजन एनएसएस, एनसीसी एवं महिला प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। इस अवसर पर नारी शक्ति वॉल बनाई गई। जिसमें छात्र व छात्राओं द्वारा महिला सशक्तिकरण से संबंधित प्रेरणादायक स्लोगन प्रदर्शित किए गए। साथ ही स्लोगन लेखन प्रतियोगिता एवं छात्राओं द्वारा मानव श्रृंखला निर्माण का संयुक्त रूप से आयोजन किया गया।

---

### काम रोकने वाले को नोटिस जारी करने के दिए निर्देश

# जो ठेकेदार काम नहीं करता उसे काम मत दो : डॉ. मिड्ढा

*डिप्टी स्पीकर ने जींद विधानसभा में होने वाले विकास कार्यों को लेकर अधिकारियों संग की समीक्षा बैठक*

**मुख्यमंत्री की ओर से की गई घोषणाओं को जल्द पूरा कराने को कहा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि जो ठेकेदार काम नहीं करता है, उसको काम मत दो। नगर परिषद ने ठेकेदारों को कई-कई काम दे रखे हैं। जिससे वह तय समय पर काम नहीं कर पाते। ऐसे ठेकेदारों को टेंडर मत दो। उन्होंने कहा कि देवीलाल चौक के पास बिजली संबंधित समस्या रहती है। उनके पास रात को 12-12 बजे भी फोन आते हैं। इसलिए वहां पर बिजली व्यवस्था दुरूस्त की जाए। क्योंकि वहां अंधेरे में लूटपाट की घटनाएं भी हो सकती हैं। नहर की पटरी का कार्य रूका हुआ है, ठेकेदार क्या कर रहा है। यदि ठेकेदार काम नहीं करता है तो उसको नोटिस दो और उसे आगे भी कम मत दो। डा. मिड्ढा ने स्पष्ट किया कि धन्यवाद एवं विकास रैली के दौरान मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणाओं को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूरा किया जाए ताकि आमजन को जल्द से जल्द सुविधाओं का लाभ मिल सके। हमारा लक्ष्य जींद को प्रदेश के अग्रणी जिलों की पंक्ति में खड़ा करना है। इसके लिए शहर और ग्रामीण क्षेत्र दोनों में संतुलित विकास कार्य करवाए जाएंगे। डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा शुक्रवार को सीएम घोषणाओं के क्रियान्वयन को लेकर अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक ले रहे थे। डा. मिड्ढा ने अधिकारियों को कहा कि जींद शहर के पालिका बाजार को स्मार्ट बाजार के रूप में विकसित किया जाएगा। इसके लिए संबंधित अधिकारी अन्य विभागों के साथ तालमेल कर इस महत्वपूर्ण कार्ययोजना को जल्द पूरा करवाएं। उन्होंने शहर की सड़कों को दुरूस्त करने, बाईपास और शहर में स्ट्रीट लाइट व्यवस्था को निरंतर बनाए रखने तथा मेडिकल कॉलेज में पेयजल, सड़क, सीवरेज और बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन भी ठेकेदारों द्वारा करवाए जा रहे निर्माण कार्य बंद पड़े हैं, ऐसे संबंधित सभी ठेकेदारों को नोटिस जारी किए जाएं। डिप्टी स्पीकर ने वेगी योजना के तहत विधानसभा क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों में तेजी लाने, शहर के पार्कों में मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने तथा देवीलाल चौक के पास रेलवे भूमि के सौंदर्यकरण के निर्देश दिए।



जींद। अधिकारियों की बैठक लेते हुए डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा। फोटो: हरिभूमि

#### स्कूलों में छात्रों के बैठने की हो उचित व्यवस्था

डिप्टी स्पीकर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सब्जी मंडी के फर्श उठान कार्य को शीघ्र पूरा किया जाए। इसके अलावा शहर में प्रस्तावित बूस्टिंग स्टेशनों के लिए सभी औपचारिकताएं जल्द पूरी कर वहां कार्य शुरू करने के लिए भी अधिकारियों को कहा। उन्होंने विधानसभा क्षेत्र के सभी राजकीय स्कूलों में आवश्यक रूप से करवाए जाने वाले छोटे-छोटे कार्यों की रिपोर्ट शीघ्र प्रस्तुत करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र के तहत आने वाले सभी राजकीय स्कूलों में विद्यार्थियों के लिए बैठने की उचित व्यवस्था सुनिश्चित करें। जहां कहीं भी ऐसा लगे की किसी स्कूल में बैंच आदि की कोई नजर आए तो उसे प्राथमिकता के तौर पर पूरा करवाया जाए।

#### तालमेल जरूरी

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जींद विधानसभा क्षेत्र में करवाए जाने वाले विकास कार्यों से संबंधित सभी विभागाध्यक्ष आपसी तालमेल कर कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करवाएंए ताकि क्षेत्र के विकास को नई गति मिल सके। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं के पूरा होने से शहर की तस्वीर बदलने का कार्य किया जाएगा। उन्होंने बैठक में जींद में चल रहे विकास कार्यों की भी समीक्षा करते हुए कहा कि सभी विकास कार्य समयबद्ध तरीके से करवाए जाने चाहिए। अगर किसी विभाग की मुख्यालय से संबंधित कोई औपचारिकता रहती है तो अधिकारी व्यक्तिगत रूप से संपर्क कर कार्य को पूरा करवाएं।

---



जींद। वीसी को ज्ञापन सौंपते हुए एबीवीपी छात्र नेता। फोटो: हरिभूमि

## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने ज्ञापन सौंपा

- एचकेसीएल एवं स्वयं कोर्स जैसे पाठ्यक्रम शुरू कराने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के वीसी प्रो. रणपाल को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य एवं कौशल विकास को ध्यान में रखते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन से एसकेसीएल एवं स्वयं कोर्स शीघ्र प्रारंभ करने की मांग की गई। एबीवीपी विश्वविद्यालय इकाई अध्यक्ष सतविंदर ढिल्लो ने कहा कि वर्तमान समय केवल पारंपरिक शिक्षा तक सीमित नहीं रह गया है बल्कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक दौर में विद्यार्थियों के लिए तकनीकी, डिजिटल एवं रोजगारपरक शिक्षा अत्यंत आवश्यक हो चुकी है। विश्वविद्यालय में पढने वाले हजारों विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ ऐसे पाठ्यक्रमों की आवश्यकता है, जो उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार कर सकें। एचकेसीएल कोर्स के माध्यम से विद्यार्थियों को कंप्यूटर शिक्षा, डिजिटल स्किल्स, आईटी ज्ञान, कम्युनिकेशन स्किल्स तथा रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण प्राप्त होगा। इससे विद्यार्थियों की कार्यक्षमता बढ़ेगी तथा उन्हें निजी एवं सरकारी क्षेत्रों में बेहतर अवसर प्राप्त हो सकेंगे। दूसरी ओर स्वयं भारत सरकार की एक महत्वपूर्ण ऑनलाइन शिक्षा पहल है। जिसके माध्यम से देश के प्रतिष्ठित शिक्षकों एवं उच्च शिक्षण संस्थानों द्वारा संचालित पाठ्यक्रम विद्यार्थियों तक पहुंचते हैं।

#### नहीं जाना पड़ेगा बाहर

एबीवीपी नेता मुस्कान ने बताया सीआरएसयू विश्वविद्यालय में एचकेसीएल एवं स्वयं कोर्स जैसे पाठ्यक्रम प्रारंभ होना समय की मांग है। यदि ये कोर्स विश्वविद्यालय परिसर में प्रारंभ होते हैं तो विद्यार्थियों को बाहर जाकर महंगे संस्थानों में प्रशिक्षण लेने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। उन्हें अपने ही विश्वविद्यालय में गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण एवं प्रमाणपत्र प्राप्त होंगे। जिससे समय और धन दोनों की बचत होगी।

---

## पुराने स्वर्ण जयंती डिजाइन बदलें

- अग्रवाल समाज के अध्यक्ष ने आरसी और लाइसेंसों पर की बदलाव की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

अखिल भारतीय अग्रवाल समाज हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष एवं समाजसेवी डा. राजकुमार गोयल ने पुराने सिस्टम पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया है कि जींद से जारी किए जा रहे ड्राइविंग लाइसेंस और गाडियों की आरसी (रजिस्ट्रेशन सर्टिद्विक्तकेट) पर आज भी हरियाणा स्वर्ण जयंती उत्सव का लगभग 10 साल पुराना डिजाइन और प्रिंट इस्तेमाल किया जा रहा है। उन्होंने मांग की है कि इस पुराने डिजाइन को हटा कर नया आधुनिक व अपडेटेड डिजाइन लागू किया जाए। उन्होंने कहा कि एक तरफ जहां इन दस्तावेजों में वाहन या व्यक्ति की आवश्यक जानकारी अंकित होती है वहीं दूसरी तरफ अब भी शंख के चिन्ह के साथ हरियाणा स्वर्ण जयंती उत्सव एक नवंबर 2016 से 31 अक्टूबर 2017 का चिन्ह छपा हुआ है। जबकि यह उत्सव वर्ष 2017 में ही समाप्त हो चुका है। इसके बावजूद इतने लंबे समय बाद भी उसी पुराने डिजाइन का उपयोग जारी रहना सिस्टम की कार्यशैली पर प्रश्नचिन्ह खड़ा करता है।




जींद। ड्राइविंग लाइसेंस पर बना 10 साल पुराना डिजाइन। फोटो: हरिभूमि

#### अपटेड रहें विभाग

गोयल ने कहा कि सरकार एक ओर डिजिटल इंडिया और ई गवर्नेंस को बढ़ावा देने की बात करती है लेकिन दूसरी ओर इस तरह की पुरानी और अप्रासंगिक व्यवस्था आम नागरिकों के लिए असुविधा पैदा कर रही है। यह स्थिति दर्शाती है कि संबंधित विभागों में समय-समय पर अपडेट और सुधार नहीं किए जा रहे हैं। उन्होंने प्रशासन से मांग करते हुए कहा कि स्वर्ण जयंती उत्सव से जुड़े इस पुराने डिजाइन और प्रिंट को तुरंत प्रभाव से हटाया जाए और उसकी जगह नया आधुनिक व अपडेटेड डिजाइन लागू किया जाए ताकि सरकारी दस्तावेज वर्तमान समय के अनुरूप नजर आएं।

---

## दरोली खेड़ा का राजकीय प्राथमिक विद्यालय प्रथम

- सीएम सौंदर्यीकरण योजना में सफलता पर एक लाख का इनाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

मुख्यमंत्री विद्यालय सौंदर्यीकरण योजना में उचाना खंड के दरोली खेड़ा का प्राथमिक विद्यालय जिले में प्रथम रहा। विद्यालय को जिले में प्रथम स्थान प्राप्त करके 1 लाख रुपए की राशि जीतने वाला विद्यालय बन गया है। विद्यालय के मुखिया मा.अमित कुमार ने बताया कि उनके व पूरे स्टाफ के सामूहिक प्रयासों के द्वारा विद्यालय की आकर्षक छवि तैयार की। विद्यालय शिक्षा, सौंदर्यीकरण में प्राइवेट स्कूलों को पीछे छोड़ रहा है। शौचालय, पीने के पानी की व्यवस्था, गंदे पानी का निष्कासन, पुस्तकालय, खेल-खेल में प्रोजेक्टर के माध्यम से शिक्षा, ज्ञान विज्ञान प्रस्तुत करती चार दिवारी, सोलर लाइट सीसीटीवी इत्यादि आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित यह विद्यालय आज क्षेत्र में चर्चा का केंद्र बन चुका है। उन्होंने बताया कि एडीसी जींद के नेतृत्व गठित कमेटी द्वारा जिला जींद में प्राथमिक विद्यालय के परिणाम मुख्यमंत्री सौंदर्यीकरण योजना के तहत घोषित हुए जिसमें यह गौरव प्राप्त हुआ। क्षेत्र के शिक्षाविद मा. रामप्रसाद, गुलशन कुमार, शीशपाल, रणवीर सिंह प्राचार्य द्वारा विद्यालय के मुखिया अमित कुमार को शुभकामनाएं प्रदान की। अन्य विद्यालयों के लिए भी यह प्रेरणा का स्रोत बनेगा ताकि प्रतियोगिता के इस युग में आम जनता तक राजकीय विद्यालय सभी विद्यार्थियों की आसान पहुंच वाले बन सकें।



उचाना। स्टॉफ, विद्यार्थियों के साथ खुशी जाहिर करते हुए स्कूल मुखिया मा. अमीत कुमार। फोटो: हरिभूमि

---

## सेक्टरों में टूटे मेनहोल की मरम्मत जल्द होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सेक्टरों में टूटे पड़े मेनहोल की मरम्मत का काम जल्द ही शुरू होने जा रहा है। सेक्टरों में आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने के लिए हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण ने व्यापक विकास कार्यों की योजना तैयार की है। वहीं सेक्टरों में पाइप लाइन भी बिछाई जाएगी। इन पर विभाग द्वारा 12.76 लाख रुपये की राशि खर्च करेगा। इससे सेक्टरवासियों सीवरेज समस्या से छुटकारा मिलेगा। इसके तहत सेक्टर 6, 7, 8, 9 और 11 में जल आपूर्ति, सीवरेज और सड़क सुधार से जुड़े कई प्रोजेक्ट शुरू किए जाएंगे। पुराने और क्षतिग्रस्त मेनहोल को बदल कर नए बनाए जाएंगें।



जींद। जींद के सेक्टर, जहां विकास कार्य करवाए जाएंगे। फोटो: हरिभूमि

#### अभी अलॉट नहीं हुए हैं टेंडर

हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के अधीक्षण अभियंता अनुज ढांडा ने बताया कि अभी तक टेंडर अलॉट नहीं हुए है। टेंडर अलॉट होते ही कार्य शुरू कर दिया जाएगा। सेक्टरों में टूटे मेनहोल बदले जाएंगे और नई पाइप लाइन बिछाई जाएगी। इन कार्यों पर 12.76 लाख रुपये खर्च होंगे।

#### सेक्टर छह से नौ तक सीवरेज प्रणाली की होगी मरम्मत

सेक्टर छह से नौ तक सीवरेज प्रणाली की मरम्मत के साथ-साथ नई लाइनें डालने का भी काम होगा। इन सभी कार्यों पर 12.76 लाख रुपये खर्च करने का प्रस्ताव है। इन सभी कार्यों के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी है। 24 मार्च को टेंडर के लिए तकनीकी बिड ओपन होगी। इसके अलावाए सेक्टर 11 एक्सटेंशन में स्थित बूस्टिंग स्टेशन की मरम्मत कर उसे बेहतर बनाया जाएगा।

#### सेक्टर 11 में नई लाइन

सीवरेज सिस्टम को सुचारू रखने के लिए वार्षिक रखरखाव के तहत पुराने मेनहोल बदलने, पेवर ब्लॉकों की मरम्मत और नई एसडब्ल्यू लाइन बिछाने का काम भी शामिल है। सेक्टर 11 में सीवरेज लाइनों को मजबूत करने के लिए 100 मिमी व्यास की नई डीआई लाइनें डाली जाएंगी। शहर में जल निकासी की समस्या को दूर करने के लिए सेक्टर 6, 7, 8 और नौ में आंतरिक जल निकासी प्रणाली को भी अपग्रेड किया जाएगा। इसके तहत नई आरसीसी पाइपलाइन बिछाने के साथ नालियों का निर्माण किया जाएगा। बरसात के समय जलभराव से राहत मिलेगी। इसके साथ ही दस एमएलडी एसटीपी में आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल किया जाएगा।

---

## जाट शाइनिंग स्टार के विद्यार्थी छाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

सीबीएसई बोर्ड की दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में जाट शाइनिंग स्टार पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय और माता-पिता का नाम रोशन किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य पंकज गुप्ता ने बताया कि इस वर्ष का परिणाम विद्यालय के इतिहास में सर्वश्रेष्ठ रहा है, जिसमें कनन सिंगला ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, दिव्या एवं अंजलि मलिक ने संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान हासिल किया, जबकि लक्ष्य चहल तृतीय स्थान पर रहे। विषयवार प्रदर्शन में पंजाबी में बिंदु, लक्ष्य चहल, देव एवं विनु ने 99 अंक, सामाजिक विज्ञान में नीतिका ने 97 अंक, आईटी में कनन, लगन एवं सुगम ने 97 अंक, हिंदी में अनु एवं दिव्या ने 96 अंक तथा अंग्रेजी में कनन सिंगला एवं लक्ष्य चहल ने 94 अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।




कैथल। अव्वल रहे विद्यार्थियों को सम्मानित करते पदाधिकारी। फोटो: हरिभूमि

#### पुरस्कृत किए गए टॉपर्स

शानदार उपलब्धि पर जाट हाई स्कूल समिति के प्रधान राजकुमार बेनीवाल, उप प्रधान बलजिंदर बनवाला, सचिव एडवोकेट रश्मि ढुल, कोषाध्यक्ष बलकार नैन एवं प्रबंधन समिति के सदस्य जसवीर सत्यवान माजरा,और रजत रापड़िया ने सभी विद्यार्थियों को आशीर्वाद दिया तथा भविष्य में और अधिक प्रगति करने के लिए प्रोत्साहित किया। विद्यालय प्रांगण में मेधावी छात्रों को मिठाई खिलाकर खुशी मनाई गई और प्रधानाचार्य पंकज गुप्ता एवं प्रबंधन समिति ने टॉपर्स को पुरस्कृत कर सम्मानित किया। प्रधानाचार्य ने इस सफलता का श्रेय विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, अभिभावकों के सहयोग और शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन को दिया।

---

### बुजुर्गों के चेहरे पर आई मुस्कान, सेहत की हुई जांच

**जींद।** सीएमओ व चिकित्सा अधिकारी डा. सूरजमणि के निर्देशानुसार स्थानीय आयुष्मान आरोग्य मंदिर झांझ कलां के तहत गांव बड़ोदी में विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र के बुजुर्गों को उनके घर के नजदीक ही गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना था। इस शिविर का संचालन सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी रेनू द्वारा किया गया। उन्होंने शिविर में आए प्रत्येक बुजुर्ग का व्यक्तिगत रूप से स्वास्थ्य परीक्षण किया। इस कार्य में एएनएम कमलेश ने सक्रिय भूमिका निभाते हुए सभी मरीजों का ब्लड प्रेशर (बीपी) और शुगर लेवल जांचा एवं मुख व स्तन के कैंसर की जांच भी की गई।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

---

### सतपाल जाम्बा बोले, महिलाओं को मिलेगा सशक्त नेतृत्व का अधिकार

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम ऐतिहासिक कदम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

- विधायक ने अधिनियम को दूरगामी प्रभाव डालने वाला निर्णय बताया

नारी शक्ति वंदन अधिनियम (106वां संविधान संशोधन) को लेकर पुंडरी के विधायक सतपाल जाम्बा ने इसे देश के लोकतांत्रिक इतिहास का एक ऐतिहासिक और दूरगामी प्रभाव वाला निर्णय बताया है। उन्होंने इस कानून की सराहना करते हुए कहा कि इससे महिलाओं को राजनीति में उचित प्रतिनिधित्व मिलेगा और वे निर्णय लेने की प्रक्रिया में और अधिक सशक्त बनेंगी। जाम्बा ने कहा कि सितंबर 2023 में पारित यह अधिनियम लोकसभा, राज्य विधानसभाओं और दिल्ली विधानसभा में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित करता है, जो महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है। विधायक जाम्बा ने अपने वक्तव्य में कहा की नारी शक्ति वंदन अधिनियम देश की मातृशक्ति को सशक्त बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है। इससे महिलाओं को नेतृत्व का अवसर मिलेगा और वे राष्ट्र निर्माण में और अधिक सक्रिय भूमिका निभा सकेंगी। यह कानून सामाजिक समानता और न्याय को भी मजबूती प्रदान करेगा। उन्होंने इस महत्वपूर्ण निर्णय के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का आभार व्यक्त करते हुए कहा माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश लगातार महिला सशक्तिकरण की दिशा में बड़े फैसले ले रहा है। यह अधिनियम उनकी दूरदर्शी सोच और महिलाओं के प्रति सम्मान का प्रतीक है। उन्होंने अंत में कहा कि यह कानून केवल आरक्षण नहीं, बल्कि महिलाओं के सम्मान, आत्मविश्वास और सशक्त भविष्य की नई शुरुआत है।



पत्रकारों से बातचीत करते विधायक सतपाल जाम्बा।

#### हमारा लोकतंत्र और मजबूत होगा

विधायक ने कहा कि महिलाओं की भागीदारी बढ़ने से लोकतंत्र और अधिक मजबूत होगा तथा समाज के हर वर्ग की आवाज को उचित प्रतिनिधित्व मिलेगा। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में महिलाएं राजनीति में नई ऊंचाइयों को छुएंगी और देश के विकास में अहम भूमिका निभाएंगी। विधायक सतपाल जाम्बा ने क्षेत्र की महिलाओं से भी आह्वान किया कि वे इस अवसर का लाभ उठाकर समाज और राजनीति में सक्रिय भागीदारी निभाएं तथा अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक बनें।

---

### राजकीय आईटीआई में कैंपस प्लेसमेंट 20 को

**जींद।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान जींद में आगामी 20 अप्रैल सोमवार को ऑटोमोबाइल कंपनी हीरो मोटोकॉर्प लिमिटेड नीमराना, राजस्थान द्वारा कैंपस प्लेसमेंट एवं अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन किया जा रहा है। संस्थान के प्रधानाचार्य नरेश कुमार पांचाल ने जानकारी देते हुए बताया कि इस प्लेसमेंट ड्राइव में आईटीआई पास कर चुके छात्र और छात्राएं भाग ले सकते हैं। कंपनी द्वारा लगभग 100 से अधिक रिक्त पदों पर चयन किया जाएगा। इसके लिए आयु सीमा 18 से 26 वर्ष है। चयनित उम्मीदवारों को 19,488 रुपये और इन हैंड वेतन 16,209 तक दिया जाएगा। अप्रेंटिस के लिए 16,100 मानदेय निर्धारित है।